तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

# हरिभूमि रायपुर भूमि

रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026


**खास बातें**

- हर साल औसतन 20 रुपए प्रति ट्रिप बढ़ता है पानी टैंकर का किराया
- गर्मी में ट्रिप के आधार पर होता है टैंकर किराया का भुगतान
- एक दिन के एक टैंकर से दस ट्रिप पानी आपूर्ति की शर्त
- केवल क्राइसेस वाले इलाकों में भेजेंगे किराए के टैंकर
- साल दर साल बढ़ रहा टैंकर किराया



# शहर में पानी संकट, पर टैंकरों के पहिए जाम, टेंडर में किसी एजेंसी ने नहीं ली रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम द्वारा किराए के टैंकर चलाने के लिए बुलाई गई ऑनलाइन निविदा में एक भी एजेंसी ने दिलचस्पी नहीं ली, अब जल विभाग इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने री-टेंडर कर रहा है, यानी एजेंसी तय करने और प्रति ट्रिप टैंकर किराया तय होने अभी 15 दिन और इंतजार करना होगा। हालांकि तापमान में तेजी को देखते हुए इस बार भी कुछ इलाकों में जलसंकट की स्थिति होने के आसार दिख रहे हैं। नगर निगम के जल विभाग ने इस गर्मी सीजन में शहर के जलसंकट संभावित क्षेत्रों की सूची तैयार कर किराए के टैंकर चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए महापौर मीनल चौबे की परिषद ने 1.50 करोड़ रुपए का प्रावधान किराए के टैंकर के लिए कर रखा है। यह राशि पिछले बार की गर्मी में खर्च किए गए 1 करोड़ की राशि की तुलना में 50 लाख रुपए ज्यादा है। गर्मी शुरू होते ही आउटर के इलाके में नलों की धार पतली होने लगी है। यतियतन लाल वार्ड के 3 इलाके ऐसे हैं, जहां 13 साल बीतने के बाद भी नगर निगम पीने का साफ पानी लोगों तक नहीं पहुंचा सका है। इसके चलते करीब 4 हजार रहवासी बारहों महीने टैंकर के भरोसे हैं। ये इलाके हैं विजय नगर, बुनियाद नगर और सतनामी पारा बस्ती। गोंदवारा खार से लगे गोविंद नगर, आदर्शनगर, लक्ष्मी विहार के 500 मीटर पेंच में नगर निगम अब तक पाइपलाइन नहीं बिछा पाया है। कुल मिलाकर शहरी सरकार द्वारा टैंकर मुक्त रायपुर बनाने का दावा गर्मी की शुरुआत में ही फिस्स हो गया है।

**नगर निगम के जल विभाग ने किया दोबारा टेंडर, किराए के टैंकर की दर तय होने में 15 दिन इंतजार**

### किराए के टैंकर के लिए री-टेंडर

जलसंकट प्रभावित इलाकों में नगर निगम द्वारा किराए के पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाई जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर किया था, जिसमें एक भी एजेंसी नहीं आने से री-टेंडर कर रहे हैं। पंद्रह दिन बाद टेंडर खोलकर टैंकर किराए की दर तय की जाएगी।

- नरसिंग फरेंद्र
ईई, जल विभाग, ननि रायपुर

---

## खबर संक्षेप

### मंदिर से दानपेटी चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद



**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के राजधानी के अग्रोहा कॉलोनी स्थित सिद्ध श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की दान पेटी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शनिवार को दोपहर 3 बजे के आसपास एक बाइक पर तीन लोग आए मंदिर में आए और कॉलोनी में पहले घूमे, इसके बाद मंदिर को खाली देख दानपेटी उठा ले गए। जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि जब वे मंदिर दर्शन के लिए गए तो वहां उन्होंने देखा कि दानपेटी गायब है। तब इसकी सूचना कॉलोनीवासियों को दी और फिर डीडीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### मंदिर में नशेबाजी से रोका तो युवक को चाकू मारा


**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में अज्ञात चार बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। युवक को उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों ने राजा वर्मा पर चाकू से हमला किया है। राजा ने पुलिस को बताया कि कृष्णा नगर स्थित मंदिर परिसर में कुछ नशेड़ी युवक नशा कर रहे थे, राजा ने युवकों को मंदिर परिसर के पास नशा करने से मना किया। इससे नाराज होकर बदमाशों ने राजा के साथ मारपीट की और उस पर चाकू से हमला कर दिया।

### ग्रामीण थाना क्षेत्र में बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** ग्रामीण थाना क्षेत्र में आईजी अमरेश मिश्रा, एसपी श्वेता सिन्हा के निर्देश पर पुलिस बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। रायपुर ग्रामीण के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में एक के खिलाफ छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम तथा दो बदमाशों के खिलाफ नारकोटिक्स तथा आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। 29 बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है तथा 80 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई करने के साथ दो गिरफ्तारी वारंट की तामीली की गई।

### धारदार चाकू और पंच जब्त, बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने मुखबिर से सूचना पर कलिंग नगर गेट के सामने आम रोड पर एक बदमाश को अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर लहराते हुए आम लोगों को आतंकित करते गिरफ्तार किया है। लोगों को धमकाने के आरोप में पुलिस ने विक्की गोस्वामी उर्फ विक्कू को गिरफ्तार किया है। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने एक नग धारदार चाकू एवं दो नग पंच जब्त कर आरोपी के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है।



---

# कमर्शियल सिलेंडर की बिक्री से हटेगी रोक शादी-ब्याह, होटल वालों को मिलेगी राहत

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच कामर्शियल गैस की बिक्री पर से केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक मंत्रालय ने शनिवार को रोक हटा दी है। इस संबंध में रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में अभी तक अधिकृत तौर पर आदेश की कॉपी नहीं आई है। आदेश की कॉपी आने पर कामर्शियल गैस सिलेंडर की बिक्री के लिए व्यवस्था की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने रविवार के अंक में कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने की वजह से शादी-ब्याह में आने वाली दिक्कतों की खबर प्रकाशित की थी।

केंद्र सरकार ने 19 किलो के कामर्शियल गैस सिलेंडर पर बिक्री से रोक हटाने आदेश जारी किया है। केंद्र सरकार ने यह कदम सामाजिक कार्यक्रमों, होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यवसायों को राहत देने के लिए उठाया गया है। अंतरराष्ट्रीय हालात और गैस किल्लत के चलते सरकार ने अस्थायी रूप से कमर्शियल सप्लाई रोक लगा दी थी ताकि घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही रिलायंस, एस्सार और गो गैस जैसी निजी बॉटलिंग कंपनियों को कमर्शियल गैस की बिक्री पर रोक जारी रहेगी।



20 रिपोर्टर, 30 गैस एजेंसी...कहीं भी नहीं मिला कामर्शियल सिलेंडर

दूल्हा-दुल्हन तैयार, पर सिलेंडर ने बजा दिया बाजा
कैटरिंग वालों ने बुकिंग कैंसिल की, कहा डेट बढ़ाएं

### स्थिति सामान्य होने में चार से पांच दिन का समय

कामर्शियल गैस सिलेंडर पर बिक्री से रोक हटाने के बाद भी स्थिति सामान्य होने में चार से पांच दिन का समय लग सकता है। बताया जा रहा है, एलपीजी गैस की दो शिप सोमवार तथा मंगलवार को मुंबई बंदरगाह पहुंचेगा। इसके बाद एलपीजी गैस देश के अलग-अलग राज्यों में भेजने की व्यवस्था की जाएगी। छत्तीसगढ़ में सिलेंडर सप्लाई ओडिशा, पाराद्वीप के रास्ते रायपुर में होती है। इस तरह स्थिति सामान्य होने में चार से पांच दिन का समय लग सकता है।



### मंगलवार को होटल, रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक

एलपीजी गैस सिलेंडर की सुचारू रूप से वितरण के लिए मंगलवार को होटल, रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक बुलाई गई है। बैठक में होटल तथा रेस्टोरेंट में एलपीजी गैस सिलेंडर आपूर्ति को लेकर विचार किया जाएगा। साथ ही एलपीजी की कालाबाजारी पर सख्ती करने और क्या ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

### सरकारी तेल कंपनियों से आपूर्ति

एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति मुख्य रूप से सरकारी तेल कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल के माध्यम से हो रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कमर्शियल गैस की आपूर्ति जारी रहे। इसके लिए केंद्र सरकार ने एक विशेष समिति का गठन भी किया है। राज्य सरकार अलग-अलग जिलों में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करने जिला कलेक्टर तथा खाद्य अधिकारी के नेतृत्व में निगरानी समीति का गठन कर निगरानी कर रही है।

### होटल एसोसिएशन ने कहा मिलेगी राहत

कामर्शियल गैस सिलेंडर से रोक हटाने को लेकर होटल, रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष तरनजीत सिंह होरा ने कहा की इससे होटल, रेस्टोरेंट कारोबारियों को राहत मिलेगी। होटल, रेस्टोरेंट संचालक एलपीजी की कमी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी पहले से की है। जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाएगी। अपनी तरफ से वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर चलेंगे।

### एजेंसी संचालक बोले प्रशासन तय करेगा वितरण व्यवस्था

अलग-अलग कंपनियों के गैस एजेंसी के संचालकों से संपर्क करने पर उन लोगों ने कहा कि कामर्शियल गैस की बिक्री पर रोक हटाने संबंधी उनके पास ऑयल कंपनी की तरफ से कोई अधिकृत आदेश नहीं आया है। गैस एजेंसी के संचलकों का कहना है कि होटल तथा रेस्टोरेंट में कामर्शियल गैस की आपूर्ति कैसी करनी है इस पर जिला प्रशासन जो गाइड लाइन बनाएगी, उसी हिसाब से वितरण किया जाएगा।

### निजी तथा अन्य कार्यो के लिए कैसे मिलेगा कामर्शियल गैस

निजी कार्यक्रम के लिए कामर्शियल गैस सिलेंडर लेने माय एलपीजी डॉट इन पोर्टल पर ऑनलाइन या अपने निकटतम गैस वितरक के पास जाकर आवेदन कर सकते थे। आयोजन के लिए फॉर्म, आधार, और पते का प्रमाण जैसे दस्तावेज जमा करने होते हैं। वेबसाइट या वितरक के माध्यम से अस्थायी कनेक्शन या अतिरिक्त सिलेंडर की बुकिंग की जा सकती थी। नए दिशा निर्देश आने के बाद आपूर्ति के नियम बनाए जाएंगे।

---

# सीबीएसई ने छठीं बार रद्द की सात देशों में होने वाली परीक्षाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पश्चिम एशिया के कुछ देशों में होने वाली कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध के मद्देनजर बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के स्कूलों के लिए निर्धारित परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की है। यह निर्णय संबंधित देशों के स्कूलों और अधिकारियों से मिले सुझावों तथा परिस्थितियों की समीक्षा ▶▶|शेष पेज 11 पर

### परिणाम का आधार तय नहीं

इन देशों के कक्षा 12वीं के छात्रों का परिणाम किस आधार पर घोषित किया जाएगा, इसकी जानकारी सीबीएसई बाद में अलग से जारी करेगा। बोर्ड ने कहा है कि छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए परिणाम की प्रक्रिया जल्द ही तय कर सूचित की जाएगी। मिडिल ईस्ट में सऊदी अरब समेत कुल मिलाकर 7 ऐसे देश हैं, जहां सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूल ऑपरेट कर रहे हैं।

### बड़ी संख्या में भारतीयों के बच्चे पढ़ाई कर रहे

बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, और यूएई में लाखों की संख्या में भारतीय रहते हैं। यहां सीबीएसई स्कूलों में बड़ी संख्या में भारतीयों के बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। फिलहाल अमेरिका-इजरायल की ईरान के साथ चल रही जंग की वजह से इस पूरे क्षेत्र के हालात खतरनाक हैं। ईरान में तेहरान, इस्फहान समेत कई सारे शहरों में बमबारी हुई है। सऊदी अरब में ड्रोन से हमले हुए हैं। इसी तरह से दुबई और आबू धाबी को भी निशाना बनाया गया है।

---

# 5वीं की परीक्षाएं आज से, गणित के साथ 8वीं की कल से शुरुआत

## निजी स्कूल भी होंगे शामिल, पिछले सत्र में मिली थी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पांचवी की केंद्रीकृत परीक्षा गणित विषय के साथ आज से प्रारंभ हो जाएगी। जबकि आठवीं कक्षा की परीक्षाओं की शुरुआत कल से होगी। आठवीं कक्षा का भी पहला पर्चा गणित विषय का ही होगा। पांचवी कक्षा की परीक्षाएं 25 मार्च को समाप्त हो जाएंगी, जबकि आठवीं कक्षा की परीक्षा 6 अप्रैल तक चलेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बीते शैक्षणिक सत्र से 5वीं-8वीं की परीक्षाएं केंद्रीकृत रूप से आयोजित की जा रही है। पिछले शैक्षणिक सत्र में विलंब से इसकी घोषणा किए जाने के कारण निजी स्कूलों को इससे राहत मिली थी, लेकिन इस सत्र में ऐसा नहीं है। सीजी बोर्ड के अंतर्गत संचालित होने वाले निजी विद्यालयों के लिए भी इस परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। अतः आज से प्रारंभ हो रही परीक्षा में सरकारी और निजी दोनों ही स्कूल के छात्र शामिल होंगे।

- 25 मार्च को समाप्त होगी पांचवी की परीक्षा, 6 अप्रैल तक चलेंगे 8वीं के पर्चे



परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। यदि छात्र इसमें भी अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, तब भी उन्हें शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत अगली कक्षा में पदोन्नत किया जाएगा। आज से प्रारंभ हो रही परीक्षाओं के परिणाम अप्रैल अंत तक घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि द्वितीय परीक्षा के परिणाम अगले सत्र में प्रवेश से पूर्व घोषित कर दिए जाएंगे।

### तैयारी पूरी

जिले में 5वीं-8वीं परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। स्कूलों से इस संदर्भ में रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। छात्र तनावरहित परीक्षा दिलाएं।

- **हिमांशु भारतीय,** जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### *सरकारी स्कूल के शिक्षक ही केंद्राध्यक्ष*

*10वीं-12वीं की तरह पांचवी-आठवीं के छात्रों के परीक्षा केंद्र नहीं बदले गए हैं। जिन विद्यालयों में छात्र अध्ययनरत हैं, वे वहीं परीक्षा दिलाएंगे। पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए केंद्राध्यक्ष के रूप में शासकीय विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। अर्थात निजी विद्यालयों के केंद्राध्यक्ष भी शासकीय शिक्षक ही होंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रश्नपत्र संबंधित थानों में रखे गए हैं। परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय पूर्व इन्हें यहां से केंद्राध्यक्ष की अध्यक्षता में संबंधित केंद्र तक ले जाया जाएगा। जिला स्तर पर निगरानी के लिए समिति भी गठित की गई है। समिति प्रश्नपत्रों के परिवहन सहित अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी करेगी।*

---

# नमी से लुढ़का शहर का पारा नांदगांव की गर्मी बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हवा के साथ आने वाली नमी के प्रभाव से राजधानी में दिन के तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई है, मगर राजनांदगांव में 40 डिग्री की गर्मी कायम रही। अगले चौबीस घंटे में बस्तर के मौसम में ही थोड़ा बदलाव होने और अन्य इलाकों में हल्के बादल छाए रहेंगे।मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर पंजाब और उसके आसपास मौजूद है। सोमवार 16 मार्च को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवाएं आने के कारण हल्के बादल छाए हुए हैं। रविवार को राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया।



---

*तमाम जिला अस्पतालों में 14-15 साल की किशोरियों को लगाया जाएगा*

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए आज से एचपीवी वैक्सीनेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14-15 साल की बच्चियों को निशुल्क एचपीवी वैक्सीन सोमवार से लगाई जाएगी। तमाम जिला अस्पतालों में वैक्सीनेशन की तैयारियों के लिए गाइडलाइन जारी की जा चुकी है। राज्य में लगभग साढ़े तीन लाख किशोरियों को इसका लाभ मिलेगा। वैक्सीनेशन के बाद उन्हें इस संबंध में ▶▶|शेष पेज 11 पर

- राज्य में लगभग साढ़े तीन लाख किशोरियां हितग्राही, सर्टिफिकेट दिया जाएगा




### आज से वैक्सीनेशन

वैक्सीनेशन की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी सीएमएचओ, सिविल सर्जन और टीकाकरण अधिकारी को इसकी गाइडलाइन भेजी जा चुकी है। जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सोमवार से वैक्सीनेशन किया जाएगा। एचपीवी वैक्सीन (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) सर्वाइकल कैंसर से बचाव में कारगर होती है।

- **डॉ. वीआर भगत,** राज्य टीकाकरण अधिकारी

### निजी अस्पतालों में कीमत डेढ़ हजार से दस हजार तक

सूत्रों के अनुसार, गर्भाशय के मुख में होने वाले कैंसर से बचाव के लिए लगाए जाने वाले वैक्सीन की कीमत डेढ़ हजार से दस हजार तक है। इसके लिए विभिन्न फार्मा कंपनियां वैक्सीन का निर्माण करती हैं। शासकीय स्तर पर लगाई जाने वाली एचपीवी वैक्सीन की कीमत 200 रुपए है, जिसे निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। अफसरों का दावा है कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है।

---

## 26 उड़ानों से इंडिगो का दबदबा, एयर इंडिया की 3, गो एयर की 1 फ्लाइट

# रीवा उड़ान से छत्तीसगढ़ में चौथी एयरलाइंस की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अब चौथी एयरलाइंस कंपनी का विमान भी उड़ान भरेगा। 17 मार्च से अलायंस एयर की 70 सीटर फ्लाइट रीवा-रायपुर के बीच आवाजाही करेगी। अभी रायपुर एयरपोर्ट में औसत 26 उड़ानों के साथ इंडिगो का दबदबा है। एयर इंडिया की 3 और गो एयर की एक फ्लाइट संचालित होती है। अलायंस एयर की रायपुर-रीवा फ्लाइट उड़ान योजना के तहत रियायती किराया 4213 रुपए होगा और यह सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी। रायपुर एयरपोर्ट से प्रतिदिन औसतन 30 विमानों का आगमन होता है। इनमें सबसे ज्यादा फ्लाइट इंडिगो की होती है, जो रायपुर को दर्जनभर से ज्यादा शहरों से जोड़ती है। इसके अलावा एयर इंडिया दिल्ली के लिए तीन फ्लाइट का संचालन करती है और रायपुर-उत्केला के बीच गो एयर की फ्लाइट संचालित होती है। अब 17 मार्च से अलायंस एयर की रीवा-रायपुर के बीच फ्लाइट के साथ एंट्री होगी। इससे रायपुर से शेड्यूल के मुताबिक अब चार विमानन कंपनियों के विमान आवाजाही करेंगे। अलायंस एयर पूर्व में रायपुर-जगदलपुर के बीच फ्लाइट संचालित करती थी, मगर बाद में तकनीकी दिक्कतों के कारण उसे बंद कर दिया गया। इस बार राजधानी रायपुर को मध्यप्रदेश के एक और शहर से जोड़ने के लिए इस फ्लाइट का संचालन उड़ान योजना के तहत किए जाने का शेड्यूल जारी किया गया है। यह फ्लाइट सप्ताह में तीन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को दोनों शहरों के बीच संचालित होगी। रीजनल कनेक्टिविटी यानी उड़ान योजना के तहत इस फ्लाइट का न्यूनतम किराया रायपुर से 4213 तथा रीवा से 3602 रुपए निर्धारित किया गया है। फ्लाइट ▶▶|शेष पेज 11 पर

- तीन दिन चलेगी रीवा फ्लाइट, उड़ान योजना में रियायती किराया 4213 रुपए



### तीन शहरों को जोड़ेगी

यह फ्लाइट रीवा, रायपुर के अलावा दिल्ली से भी कनेक्ट रही है। उड़ान की शुरुआत दिल्ली से दोपहर 12.30 बजे होने के बाद यह रीवा पहुंचेगी। यहां से दोपहर 3.15 बजे रवाना होकर शाम 4.15 बजे रायपुर आएगी। वापसी के दौरान शाम 5 बजे उड़ान भरकर 6.15 बजे रीवा में लैंड होकर कुछ अंतराल के बाद दिल्ली के लिए रवाना होगी। इससे छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, मध्यप्रदेश के तीन शहरों से हवाई मार्ग से कनेक्ट हो जाएगी।

### एक और कंपनी के आने की संभावना

सूत्रों के मुताबिक एक और कंपनी के रायपुर एयरपोर्ट में एंट्री होने की संभावना आने वाले दिनों में बन रही है। अंतर्राष्ट्रीय उड़ान का संचालन करने वाली एयरलाइंस कंपनी ने रायपुर-मुंबई के बीच फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव भेजा है। डीजीसीए द्वारा उनके शेड्यूल को अनुमति मिलने के बाद फ्लाइट शुरू की जाएगी। इस एयरलाइंस कंपनी की फ्लाइट शुरू होने से यात्रियों को भी मुंबई जाने के लिए दूसरा विकल्प मिल सकेगा।

# सिंधु एकता समिति के शिविर में 105 ने किया रक्तदान, डोनर सम्मानित

## चेट्री-चंड पर्व के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा वार्ड 5 में स्थित हरे माधव दरबार में सिंधु एकता समिति के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था से जुड़े सदस्यों के साथ ही नगर के 105 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन पार्षद राजेश कोटवानी ,एव बालीबाल समिति के रमेश वीरानी.रोशन आहूजा,एव सदस्यों ने भगवान झुलेलाल की पूजा अर्चना कर किया गया।

हिन्दू नव वर्ष चेट्री-चंड्र के उपलक्ष में आयोजित शिविर में सुबह से ही बड़ी संख्या में रक्तदाता पहुंचे। शिविर में तीन पति-पत्नी जोड़ो और भाई-बहनों ने पहली बार एक साथ रक्तदान किया। सुबह11 बजे शुरू हुआ शिविर शाम बजे तक निरंतर चलता रहा । सिंधु एकता समिति के तत्वावधान में आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किए गए इस शिविर में कुल 105 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में बंटी बचवानी ने जहां पांचवीं बार रक्तदान किया वही हितेश निहिचलानी,,यशवी जेसवानी,रिंकी रमानी ने पहली बार ब्लड डोनेट किया,तीनों ने रक्तदान देने के बाद कहा कि पहले हमें डर लग रहा था लेकिन अब हमको खुशी हो रही है कि हमारा ब्लड जरूरतमंद को काम आएगा अंत में समिति ने सभी रक्तदान दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही रक्त दाताओ।



### रक्तदान घायलों, बीमार लोगों को देता है नई जिंदगी

इस अवसर पर पार्षद राजेश कोटवानी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान घायलों, बीमार लोगों को नई जिंदगी देता है। इस दौरान समिति अध्यक्ष अभिषेक निहिचलानी,.संजय ज्ञानचंदानी,दीपक मेघानी, नरेश कम्लानी ,मयंक मेघानी,विजय माधवानी,सागर गंगवानी,प्रदीप देवानी ,जयपाल माधवानी .बबलू.टीकम देवानी, डॉ. संजीव आहूजा,आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। समिति के द्वारा प्रति वर्ष रक्त दान शिविर आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया जाता है।

## खबर संक्षेप

### चैत्र नवरात्रि पर रीवा में होगी भक्तमाल कथा

**आरंग।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर ग्राम रीवा के चंडी मंदिर प्रांगण में 21 से 25 मार्च तक ग्रामीणों द्वारा पांच दिवसीय भक्तमाल सियाराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वृंदावन की कथावाचिका डॉ. सरोज मृणाल बृजवासी दीदी (हरिदासी दीदी) कथा वाचन करेंगी।

### नगर बंद का भाजपा करेगी विरोध

**मंदिर हसौद।** 16 मार्च को मंदिर हसौद नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी द्वारा किये जा रहे नगर बंद और अनिश्चितकालीन धरना के विरोध में भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ एवम पार्षदों द्वारा मंदिर हसौद ओवर ब्रिज के नीचे अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी का विरोध कर प्रदर्शन किया जाएगा।

### कर्मचारी संघ के राजेंद्र अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**कूंरा।** 27 फरवरी को जनपद पंचायत सभागार में प्रदेश के सर्वाधिक प्रभावी कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ धरसीवॉ तहसील एवं ब्लॉक शाखा का चुनाव प्रदेश पदाधिकारी श्री चंद्रशेखर तिवारी जी महामंत्री मुक्तेश्वर देवांगन सचिव तिलक यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से श्री राजेंद्र वर्मा तहसील अध्यक्ष निर्वाचित हुए। श्री गज्जू वर्मा (गोढी) तहसील उपाध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का नाम का प्रस्ताव पूर्व अध्यक्ष श्री फिरोज मोहम्मद ने किया समर्थन श्री गणेशराम कुंभकार के द्वारा किया गया। उपाध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव श्री फेरू राम शिवारे जी ने किया समस्त सदस्यों के द्वारा हर्ष ध्वनि से समर्थन किया गया। ब्लॉक इकाई धरसीवां के अध्यक्ष श्री चोवाराम साहू बने एवं उपाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से अंजना भारती निर्वाचित हुई। निर्वाचन पश्चात नए पदाधिकारियो को जनपद उपाध्यक्ष श्री दिनेश खूंटे जी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा जी सरपंच साहिल खान ने बधाई दी।

### कार्यकर्ताओं ने किया सांसद बृजमोहन का स्वागत

**अभनपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर आगमन पर नया रायपुर एयरपोर्ट में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न ग्रामों में होने वाले विकास कार्यों के लोकार्पण को लेकर सांसद प्रतिनिधि द्वारा चर्चा भी की। इस अवसर पर सैंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू ने अपने द्वारा बनाया गया भगवान श्रीराम का आकर्षक छायाचित्र सांसद को भेंट किया। सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, सरपंच नेहरू लाल साहू, पूर्व जनपद नत्थू राम साहू, पूर्व जिपं.सदस्य श्रीमती रानी पटेल, देव नारायण सिन्हा, सैंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू, रुपेश साहू, केजू राम पटेल, बाबूलाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मां कर्मा जयंती पर भव्यकलशयात्रा निकाली

**कूंरा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर पंचायत कुंरा साहू समाज द्वारा बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ कर्मा जयंती मनाया गई। सर्वप्रथम प्रातः 8:00 बजे बाइक रैली का आगमन डीजे के साथ हुआ उसके बाद भव्य शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा सुमन डांस ग्रुप के माध्यम से संपन्न हुआ तत्पश्चात सभी पार प्रमुखों साहू समाज एवं प्रतिभावान छात्राओं के साथ-साथ गीत संगीत खेलकूद साहू समाज से संबंधित जो सरकारी सेवाएं दे रहे हैं उन सभी का सम्मान नगर पंचायत कुंरा साहू समाज द्वारा किया गया ।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ये रहे उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू साहू समाज अध्यक्ष सुरेश साहू उपाध्यक्ष छेदी साहू उपाध्यक्ष हेमिन साहू संगठन सचिव पार्षद संतोष साहू मनीषा साहू सचिव भूपेंद्र साहू कोषाध्यक्ष धनसाय साहू संरक्षक देवानंद साहू पार्षद टिकेश्वरी साहू गायत्री साहू रिजवान खान रेखराज देवांगन पूर्व अध्यक्ष बलदाऊ साहू रामचंद्र साहू समाज के सम्मानित व्यक्ति भावसिंग साहू भगवती साहू योगेश साहू पारस साहू राजीव लोचन साहू नेतराम डॉक्टर भूपेंद्र साहू मुरली साहू धनंजय साहू नवीन साहू मोंटी साहू रामकुमार साहू संजय साहू नरेंद्र साहू कैलाश साहू समस्त साहू समाज नगर पंचायत कुंरा उपस्थित।

## अपराध : बीएसयूपी कॉलोनी की पार्टी में आरोपी ने किया हंगामा और हमला

# जन्मदिन की पार्टी में चाकूबाजी से 2 महिलाएं घायल, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड्डू स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में जन्मदिन के जश्न के दौरान गाली-गलौज और चाकूबाजी करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस घटना में एक महिला और एक अन्य युवती घायल हुए हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह विवाद 14 मार्च की रात करीब 9:10 बजे हुआ। प्रार्थिया सलमा बेगम अपने घर के पास एक भवन में अदनान नामक युवक का जन्मदिन मना रही थीं। इसी दौरान मोहल्ले का ही निवासी संजू उर्फ संदीप टंडन अपने भाई संजय के साथ वहां पहुंचा और बिना किसी कारण के अश्लील गालियां देने लगा। जब प्रार्थिया और उसके साथियों ने मेहमानों की मौजूदगी का हवाला देते हुए उन्हें शांत रहने को कहा, तो दोनों भाई आक्रोशित हो गए। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए साहिल नामक युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

हंगामा बढ़ने पर जब बीच-बचाव करने के लिए महक नामक युवती सामने आई, तो आरोपी संजू ने अपने पास रखे धारदार चाकू से हमला कर दिया, जिससे युवती की उंगली में गंभीर चोट आई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर तत्काल भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिला अस्पताल में कराए गए मुलाहिजा के दौरान डॉक्टरों ने धारदार हथियार से चोट लगने की पुष्टि की, जिसके बाद मामले में धारा 118(1) बीएनएस जोड़ी गई।



### आरोपी से चाकू बरामद, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

थाना प्रभारी श्री शिवेन्द्र राजपूत ने बताया कि विवेचना के दौरान पुलिस ने दबिश देकर आरोपी संजू उर्फ संदीप टंडन और उसके छोटे भाई को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने संजू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 11 इंच से अधिक लंबा स्टील का धारदार चाकू बरामद किया है। अवैध हथियार रखने के संबंध में कोई वैध लाइसेंस पेश न कर पाने के कारण आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत भी कार्रवाई की गई है। आरोपी का छोटा भाई नाबालिग पाया गया है, जिसके संबंध में पृथक से कार्रवाई की जा रही है। विधानसभा पुलिस ने मुख्य आरोपी संजू को धारा 187 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत न्यायालय में पेश कर 27 मार्च तक की न्यायिक रिमांड की मांग की है।

# ट्रक मलिकों में असंतोष, परिवहन संघ ने दी 18 से चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ के औद्योगिक केंद्र सिलतरा में स्थानीय ट्रक मालिकों और उद्योगपतियों के बीच उपजा असंतोष अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया है। अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 'छत्तीसगढ़ औद्योगिक परिवहन कल्याण संघ, सिलतरा-रायपुर' ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। संघ ने आधिकारिक घोषणा की है कि 18 मार्च बुधवार से उद्योग नगर के अंबेडकर चौक पर अनिश्चितकालीन हड़ताल और चक्का जाम करने की घोषणा की है। इस आंदोलन के चलते प्रदेश की औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला और माल ढुलाई पूरी तरह ठप होने की आशंका है। संघ के पदाधिकारियों ने उद्योगपतियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिन किसानों और ग्रामीणों ने अपनी उपजाऊ जमीनें उद्योगों के लिए समर्पित की थीं, आज उन्हें ही हाशिए पर धकेल दिया गया है। दो दशकों से क्षेत्र के युवाओं ने कर्ज लेकर गाड़ियाँ खरीदीं ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें, लेकिन अब उद्योगों में स्थानीय लोगों के बजाय बाहरी रसूखदारों और बिचौलियों का बोलबाला है। 'अपनों की जमीन पर परायों का राज' वाली स्थिति ने स्थानीय ट्रक मालिकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर दिया है। हड़ताल का एक बड़ा कारण



उद्योगों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अवैध वसूली है। संघ का दावा है कि विभिन्न प्लांटों में वजन (कांटा) के नाम पर अवैध टैक्स वसूला जा रहा है, जिसका कोई कानूनी आधार नहीं है। इसके अलावा, बिचौलिया प्रथा के कारण वास्तविक गाड़ी मालिकों को उचित मेहनताना नहीं मिल पा रहा है। संघ की स्पष्ट मांग है कि परिवहन कार्य केवल संघ की 'बिल्टी' के माध्यम से ही संचालित होना चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। ट्रक मालिकों ने लोडिंग और अनलोडिंग में होने वाली अत्यधिक देरी पर भी नाराजगी जताई है। वर्तमान में गाड़ियों को प्लांटों के भीतर 24-24 घंटे तक खड़ा रखा जाता है, जिससे ईंधन और समय की भारी बर्बादी होती है। संघ ने मांग की है कि लोडिंग-अनलोडिंग की एक निश्चित समय सीमा तय की जाए और स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता मिले। इस आंदोलन की रणनीति तैयार करने के लिए आयोजित बैठक में संघ अध्यक्ष लखविंदर सिंह, सचिव बलराम साहू ,बृजेश मिश्रा ,अजय सिंह, जितेंद्र दुबे, और सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

# एफडी की आड़ में बैंक में लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम ने आईडीबीआई बैंक चरोदा शाखा में विगत 2 वर्ष से खाता धारकों एवं एफडी कराने वाले हितग्राहियों के साथ हुए धोखाधड़ी मामलों की जांच की मांग की है।

उन्होंने बताया कि आस पास के किसान ,मजदूर एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा लगातार बैंक के ऊपर भरोसा कर अपने गाड़ी कमाई कर मेहनत का पैसा जमा किए है कोई अपनी संपत्ति बेच कर अपने भविष्य के लिए जरूरत के लिए राशि जमा किए थे कोई अपने बच्चे की पढ़ाई,कोई अपनी बच्चे का विवाह एवं कोई बीमारी के इलाज के लिए पैसे जमा किए थे लेकिन क्या मालूम भरोसा को तोड़ कर मासूमों के अरमान को तोड़ने का कार्य कर रहे है विगत दिनों से अभी तक 22 से 25 लोगो का प्रकरण सामने आया है जिसकी कुल राशि लगभग 1 करोड़ 30 लाख के आस पास फ्राड की जानकारी प्राप्त हो रही है। पहले हितग्राहियों को लगातार बैंक के चक्कर लगवाते रहे अंत में हितग्राहियों द्वारा जब थाने में लिखित शिकाय करने पर एवं लगातार दबाव बनाने पर, पुलिस अधीक्ष रायपुर से भी शिकायत होने पर बैंक पर पुलिस दबाव होने पर घोटाले की उजागर होने पर बैंक अब फ्राड हुआ लोगो से बात करना शुरू किए है,पहले तो बैंक अपना पल्ला झाड़ते रहे अब भी बैंक अपनी जिम्मेदारी से बचना चाह रहे है प्लेसमेंट एजेंसी को जिम्मेदार बता रहे है,कोई भी हितग्राही बैंक की शाख के आधार पर अपनी रकम जमा कराए है जिसके माध्यम से फ्राड हुआ है बैंक के बिना मिलीभगत के इतनी बड़ी राशि का घाल मेल नहीं कर सकते खाते से कई खातों में राशि ट्रांसफर भी हुआ है राशि दूसरे खाते से निकले भी है इससे जाहिर होता है कि राशि बैंक के कर्मचारियों की जानकारी में हुआ है दोनों अभियुक्त लगातार बैंक में बैठ कर हितग्राहियों से राशि जमा करते रहे बैंक के अंदर लेनदेन हो रहा है।

# सेमरिया शाला में न्योता भोज कराया



शिक्षक सोहन ने अपने स्कूल में कराया न्योता भोज

**आरंग।** विकासखंड आरंग के संकुल केंद्र सेमरिया के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सेमरिया (समोदा) में शनिवार को सहायक शिक्षक सोहन लाल देवांगन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सेमरिया (परसदा) के सभी विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया। जिसमें बच्चों को केला, भजिया, बालूशाही जैसे स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन कराया गया, जिससे सभी बच्चे बहुत उत्साहित नजर आए। साथ ही कक्षा 5वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई कार्यक्रम भी किया गया। विदाई कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक सोहन लाल देवांगन द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ की गई। तत्पश्चात बच्चों से रूबरू होते हुए भविष्य में वे क्या बनना चाहते हैं, उनकी रुचि व उनके लक्ष्य के बारे में चर्चा की गई। शिक्षक देवांगन ने बच्चों को परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास होने व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना संदेश दिए तथा बच्चों को एक-एक पेन भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रुपेंद्र सिन्हा ने भी बच्चों को पेन से सम्मानित किया और अच्छे से पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंच प्रतिनिधि व ग्रामीण सियान चेतन गिरी गोस्वामी, प्राथमिक शाला सेमरिया के अध्यक्ष रुपेंद्र सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष व जनभागीदारी शिक्षिका लक्ष्मणी साहू, रितु सोनी शिक्षिका, डॉली सिन्हा, गायत्री सिन्हा, सोहद्रा सिन्हा, रामकुंवर सिन्हा, पूर्वी डहरिया, गुंजा साहू, मोनालिका साहू, हेमंत कुमार साहू, नीलम सिन्हा, जागृति सिन्हा, तुषिमा यादव, रेणुका ध्रुव, झंकार, झमिता, नारायणी, बिंदु, याचिका, वाणी, वेदप्रकाश, टिमेश, उमाकांत, छत्रधर, देवेंद्र व सभी छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# शिक्षक महेंद्र ने ली भूमिका की 12वीं तक पढ़ाई की जिम्मेदारी

**आरंग।** शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में छठवीं-सातवीं के छात्र-छात्राओं ने आठवीं के छात्रों को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर छठवीं-सातवीं के बच्चों ने गुलाब का गुलदस्ता और पेन भेंट कर अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आप लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिला। आगे भी बेहतर पढ़ाई-लिखाई कर गुरुजनों और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। वहीं आठवीं के छात्रों ने छठवीं-सातवीं के विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर अच्छी पढ़ाई-लिखाई करने तथा उनसे हुई भूल-चूक को नहीं दोहराने की बात कही। शिक्षकों ने बताया कि इस दौरान बच्चे काफी भावुक नजर आए। संस्था के नवाचारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल ने कक्षा आठवीं की एक छात्रा कुमारी भूमिका धीवर की नवमी से बारहवीं तक की पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी उठाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि छह वर्ष पूर्व



भूमिका के पिता का निधन हो गया था और उसका परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। इस मौके पर आरंग की समाजसेविका पुष्पांजलि मोहंती पहुंचीं और माता-पिता व गुरु की महत्ता बताते हुए बच्चों को बेहतर संस्कार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख के.के. परमार, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की उपस्थिति रही।

## छात्रों ने अनुशासन के साथ दी 12वीं हिंदी की परीक्षा

**आरंग।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खौली में कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा का अंतिम प्रश्नपत्र हिंदी विशिष्ट परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र में विद्यार्थियों ने अनुशासन और गंभीरता के साथ परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान केंद्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। परीक्षा केंद्राध्यक्ष डॉ. बेद लाल साहू व्याख्याता के निर्देशन में पूरी परीक्षा प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से संचालित की गई। उनके मार्गदर्शन में परीक्षा केंद्र पर शांति, अनुशासन और पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराई गई।



## ब्रह्मलीन महंत सुकृतदास बरारी साहेब स्मृति सत्संग सभा दोन्देकला में संपन्न

# कबीर की वाणी और भजनों से सत्संग समारोह निहाल हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां


रायपुर जिले के ग्राम दोन्देकला स्थित सद्गुरु कबीर सामुदायिक भवन में ब्रह्मलीन महंत सुकृतदास बरारी साहेब की पावन स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय सत्संग समारोह श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कबीर पंथी साहू समाज एवं सुकृत सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित इस 42वें वार्षिक समारोह में आचार्य ज्योति स्वामी शास्त्री साहेब के सान्निध्य में दूर-दूर से आए संतों और श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा रहा। तीन दिनों तक पूरा क्षेत्र कबीर वाणी और भजनों की मधुर सरिता से सराबोर रहा।

अपने प्रवचन के दौरान आचार्य ज्योति स्वामी शास्त्री साहेब ने कहा कि संत कबीर का मार्ग सत्य, सरलता और आत्मचिंतन का मार्ग है। उन्होंने समाज को संदेश दिया कि माया, मोह और अहंकार का त्याग कर गुरु की शरण में जाने से ही जीव को भवसागर से मुक्ति मिल सकती है। उन्होंने कबीर के दर्शन को संपूर्ण मानवता के कल्याण का आधार बताया। समारोह में महंत कन्हैया शास्त्री, दीनबंधु साहेब, टकसार साहेब और चम्पारण से आए शांति साहेब सहित अनेक प्रतिष्ठित संतों ने भी अपने विचार साझा किए। भक्ति संगीत के सत्र में महंत टकसार साहेब की ग्रंथ मंडली ने भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पांडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो उठे। आध्यात्मिक लाभ के साथ-साथ इस आयोजन में सामाजिक सरोकार भी देखने को मिला, जहाँ श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए गए। कार्यक्रम का समापन सात्विक यज्ञ चौका आरती और विशाल भंडारे के साथ हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सहयोगियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।



# सेमरिया स्कूल में शिक्षक की मेहनत से परिवर्तन की लहर

**आरंग।** विकासखंड आरंग के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सेमरिया (समोदा) में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ सोहन लाल देवांगन की कड़ी मेहनत व उनके स्कूल के प्रति प्रेम देखने लायक है। तीन वर्ष पहले इस स्कूल में आते ही उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण सुधार में अपने आप को लगा दिया। प्राथमिक शाला में बाल कैबिनेट का गठन कर बाल कैबिनेट पदाधिकारियों को उनके कार्य सौंपकर एवं उनकी मासिक बैठक कर उन्हें विभिन्न दायित्व सौंपे गए, जिससे स्कूल में अनुशासन पालन करने तथा स्वच्छता व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने में मदद मिली। उन्होंने पढ़ाई के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए स्वयं समय पर उपस्थित रहकर बच्चों का हर पीरियड नियमित रूप से हो, इसका विशेष ध्यान रखा। इसी का परिणाम रहा कि सत्र 2023-24 में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रकाशराज साहू ने कक्षा पांचवीं में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र प्रकाशराज ने बताया कि इसके पीछे उनके शिक्षक सोहन देवांगन का सहयोग व योगदान रहा, जिसके कारण वे टॉपर बने। सेमरिया गांव के ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक देवांगन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से पहले स्कूल आ जाते हैं और शाम 4 बजे के बाद स्कूल बंद कराकर घर जाते हैं।



# बगैर एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट नहीं कर सकेंगे आवेदन, जून से परीक्षाएं

**ओपन यूनिवर्सिटी, 10 अप्रैल तक जमा किए जा सकेंगे प्रोजेक्ट, इसके बाद चुकाने होंगे 1100 रुपए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने जून 2026 टर्म एंड एग्जाम के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू में पढ़ाई कर रहे छात्र अब ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। यूनिवर्सिटी ने छात्रों को सलाह दी है कि वे तय समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि उन्हें लेट फीस देने से बचाया जा सके।

टर्म एंड एग्जाम, प्रोजेक्ट सबमिशन और प्रैक्टिकल एग्जाम के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल तय की गई है। इस तारीख तक छात्र बिना किसी लेट फीस के परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। अगर कोई छात्र इस समय सीमा के बाद आवेदन करता है, तो उसे 11 अप्रैल से 24 अप्रैल के बीच 1100 रुपए लेट फीस के साथ परीक्षा फॉर्म जमा करना होगा। इग्नू के छात्रों को परीक्षा फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से ही भरना होगा। इसके लिए उन्हें यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट पोर्टल पर जाकर अपने अकाउंट में लॉग-इन करना होगा। जो छात्र अभी तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए हैं, उन्हें पहले नया रजिस्ट्रेशन कर अपनी जानकारी दर्ज करनी होगी। इसके बाद ही वे परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे।

### प्रायोगिक अंकों में सुधार नहीं

*इग्नू ने बताया है कि परीक्षा फॉर्म भरते समय छात्रों को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट आईडी बनाना अनिवार्य होगा। अगर कोई छात्र आईडी नहीं बनाता है, तो उसके अंक और ग्रेड पोर्टल और डिजीलॉकर में दिखाई नहीं देंगे। इससे परीक्षा परिणाम घोषित होने में देरी हो सकती है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि प्रैक्टिकल विषयों में सुधार की अनुमति नहीं है। अगर कोई छात्र पहले ही किसी प्रैक्टिकल विषय में पास हो चुका है और फिर से उसी के लिए आवेदन करता है, तो उसके अंकों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। साथ ही जमा की गई परीक्षा फीस भी वापस नहीं की जाएगी और न ही उसे किसी अन्य शुल्क में समायोजित किया जाएगा।*




### नहीं कर सकेंगे फॉर्म में बदलाव

*विश्वविद्यालय ने छात्रों को सलाह दी है कि परीक्षा फॉर्म भरते समय अपने कोर्स, परीक्षा केंद्र और परीक्षा मोड का चयन बहुत सावधानी से करें। छात्रों को यह भी ध्यान रखना होगा कि परीक्षा पेन-पेपर मोड या कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में आयोजित की जा सकती है। एक बार फॉर्म जमा होने के बाद इसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा, इसलिए सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़कर ही फॉर्म भरने कहा गया है। इग्नू की टर्म एंड परीक्षाएं 1 जून से 15 जुलाई 2026 के बीच आयोजित होने की संभावना है। यह परीक्षाएं ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन प्रोग्राम के छात्रों के लिए आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं का आयोजन प्रतिदिन दो शिफ्ट में किया जाएगा। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा फॉर्म जमा करते समय छात्रों को निर्धारित परीक्षा फीस भी जमा करना होगा। थ्योरी परीक्षा के लिए प्रति कोर्स 200 रुपए शुल्क तय किया गया है। वहीं, प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए 4 क्रेडिट तक के कोर्स के लिए 300 रुपए और 4 क्रेडिट से अधिक वाले कोर्स के लिए 500 रुपए शुल्क देना होगा। अगर छात्र 10 अप्रैल के बाद आवेदन करते हैं तो उन्हें 1100 रुपए अतिरिक्त लेट फीस भी देनी होगी।*

## खबर संक्षेप



### बसपा के संस्थापक कांशीराम की मनाई जयंती

**रायपुर।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा कोरबा स्थित राजीव गांधी आडिटेरियम हॉल में रविवार को बहुजन नायक और बसपा संस्थापक स्व. कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान सस्था के सभी सदस्यों ने छत्तीसगढ़ की उन्नति के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भीम आर्मी प्रदेश सहप्रभारी मनोज बंजारे शामिल हुए। उन्होंने कांशीरामजी को महान व्यक्तित्व बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में पार्टी के प्रमुख दिनेश आजाद, रामस्वरूप महिलांगे, खिलन प्रसाद, तुलेश दास महंत आदि भी शामिल हुए।

### शोध उन्मुखीकरण पर एम्स में कार्यशाला

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पिछले दिनों दो दिवसीय पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन संस्थान की इंस्टीट्यूट रिसर्च सेल द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में शोध कौशल को सुदृढ़ करना तथा वैज्ञानिक अनुसंधान और अकादमिक उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के पहले दिन स्नातकोत्तर शोधार्थियों के लिए संरचित शोध प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। एसोसिएट डीन रिसर्च डॉ. एकता खंडेलवाल तथा डीन डॉ. अभिरुचि गल्होत्रा ने स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में शोध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एली मोहापात्रा, डीन (अकादमी) ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षण के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में थीसिस कार्य के महत्व को रेखांकित किया।

### लखपति दीदी भ्रमण योजना से महिलाओं को मिलेगी आर्थिक शक्ति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तावित "लखपति दीदी भ्रमण योजना" का उत्कल महिला गांड़ा महामंच ने स्वागत किया है। महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने कहा कि यह योजना प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल है। उन्होंने कहा कि अब तक प्रदेश में लगभग 8 लाख महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में सशक्त बनाया जा चुका है और इसे 10 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। लखपति दीदी भ्रमण योजना के अंतर्गत महिलाओं को दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े व्यापारिक बाजारों का भ्रमण कराया जाना अत्यंत सराहनीय कदम है। श्रीमती जगत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए आभार जताते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए इस प्रकार की योजनाएं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करेंगी।

**सामान्य के लिए दस फीसदी**


**16 हजार से ज्यादा ने अपना पंजीयन करा लिया है**

## निष्क्रिय कनेक्शन में सामान्य और कृषि वर्ग को 50 फीसदी छूट

# बीपीएल का समाधान...बिजली बिल बकाये पर सीधे 75 फीसदी की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार



प्रदेश भर के ऐसे बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रदेश सरकार ने एक योजना प्रारंभ की मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना। इसमें जिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन कट चुका है और जिन पर बरसों से हजारों और लाखों बकाया है, उनको इस योजना के माध्यम से राहत दी जा रही है। सबसे अहम बात यह है कि बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को निष्क्रिय कनेक्शन के साथ ही सक्रिय कनेक्शन के बकाया में भी मूल राशि में 75 फीसदी छूट दी रही है। लेकिन जहां तक सामान्य वर्ग का सवाल है तो सक्रिय कनेक्शन में महज दस फीसदी छूट का प्रावधान किया गया है। इस योजना में अब तक करीब 16 हजार से ज्यादा ने अपना पंजीयन करा लिया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 12 मार्च को समाधान योजना का प्रारंभ किया। इसके बाद से इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रदेश भर उपभोक्ता अपना पंजीयन करा रहे हैं। इस योजना को प्रारंभ करने का सबसे बड़ा मकसद यह है कि प्रदेश भर में 28 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। इस योजना के प्रारंभ होने से इन उपभोक्ता पर जो सरचार्ज है, वह पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। ऐसे में सरचार्ज की 758 करोड़ की राशि सीधे कम हो गई है। अब बचे 15 सौ करोड़ से ज्यादा की वसूली के लिए भी छूट का बड़ा प्रावधान किया गया है।

### एक मुश्त पैसा देने पर ही दस फीसदी छूट

सामान्य वर्ग के उपभोक्ताओं को बकाया पर मूल राशि में दस फीसदी की छूट उस स्थिति में मिलेगी जब वे सारा बकाया एक साथ जमा करेंगे। अगर तीन किस्तों में बकाया किया जाएगा तो पांच फीसदी की छूट मिलेगी। छह किस्तों में बकाया जमा करने की भी सुविधा मिलेगी, लेकिन इसमें कोई छूट नहीं मिलेगी।

### बीपीएल के लिए बड़ी छूट

योजना में बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को डबल राहत दी गई है। पहली राहत तो जिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन 31 मार्च 2023 के पहले कट हो गया है उनको सरचार्ज में पूरी छूट के साथ ही मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी जा रही है। इसी के साथ जिन भी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं का कनेक्शन सक्रिय है, पर उन पर हजारों या फिर लाखों का बकाया है उनको भी इस योजना में राहत दी गई है। ऐसे उपभोक्ता जिन पर बकाया राशि पांच साल से ज्यादा समय से बाकी है, उसको मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी गई है। इसी के साथ जिन का बकाया एक से पांच साल के बीच है, उनको मूल राशि में 50 फीसदी छूट दी गई है। यही नहीं मूल राशि को जमा करने के लिए किस्तों का भी प्रावधान किया गया है। जिन पर छूट के बाद भी एक लाख से ज्यादा का बकाया होगा, उनको 60 किस्तों में पैसा देने का प्रावधान किया गया है। जिन पर पचास हजार से एक लाख का बकाया होगा, उनको 50 किस्तें और जिन पर पचास हजार से कम बकाया होगा उनको 40 किस्तों में अपना बकाया देने का अवसर मिलेगा।

### साइबर ठगों से बचने पॉवर कंपनी ने की उपभोक्ताओं से अपील




*छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी स्पष्ट किया कि पंजीयन राशि के भुगतान की सुविधा केवल मोर बिजली एप, एटीपी केंद्र और संबंधित विद्युत कार्यालय के माध्यम से ही उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के एमडी भीम सिंह ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के नाम पर फैल रहे साइबर ठगी के प्रयासों से सतर्क रहें। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि योजना के पंजीयन या बिजली बिल भुगतान से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया के लिए अंजान वॉट्स एप मैसेज, ई-मेल या एसएमएस में आए किसी लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी एपीके फाइल को डाउनलोड करें। समाधान योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया बिजली बिल का समाधान करें। उन्होंने कहा, राज्य सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत और व्यवस्थित बनाना है। पॉवर कंपनी अपनी किसी भी योजना अथवा सेवा के लिए उपभोक्ताओं को कोई एपीके फाइल या संदिग्ध वेब लिंक नहीं भेजती है। इसलिए यदि किसी संदेश में ऐसा लिंक या फाइल प्राप्त होती है तो उसे तुरंत नजरअंदाज करें।*

# विधानसभा का कल घेराव करेगी कांग्रेस पायलट भी होंगे शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस मंगलवार को विधानसभा का घेराव करने की तैयारी में है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का कहना है, मनरेगा बचाओ संग्राम तथा प्रदेश के स्थानीय मुद्दों, बिजली के दाम में बढ़ोतरी, किसानों से धोखा, धान खरीदी पर वादाखिलाफी, गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस विधानसभा का घेराव करेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट सहित राज्य के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आम आदमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

■ मनरेगा बचाओ संग्राम तथा स्थानीय मुद्दों पर सरकार के खिलाफ हल्ला बोल

श्री बैज ने कहा, विधानसभा घेराव के लिए जिलावार तथा विधानसभा प्रभारियों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं। प्रदेश के कोने-कोने से कांग्रेसजन विधानसभा घेराव में शामिल होकर डबल इंजन की सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे। घेराव की तैयारी के लिए प्रदेश मुख्यालय में दो बैठकें हो चुकी हैं तथा जिलेवार बैठकों का भी सिलसिला चल रहा है। श्री बैज ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर तथा मनरेगा को कानून से बदलकर योजना बनाकर केंद्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त करने की साजिश रची है। छत्तीसगढ़ में तो भाजपा की सरकार बनने के बाद मनरेगा में काम लगभग बंद किया जा चुका है। मनरेगा बंद होने के कारण प्रदेश के मजदूर पलायन कर दूसरे प्रदेश चले गए हैं। श्री बैज ने कहा कि मनरेगा के नए स्वरूप वीबी जीरामजी में मोदी सरकार ने केंद्रांश को घटाकर केंद्रांश और राज्यांश का औसत 60-40 कर दिया है। पहले यह योजना 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषित थी। जब केंद्र सरकार 100 प्रतिशत राशि देती थी, तब तो राज्य सरकारें इस योजना को लागू करने में कोताही बरतती थीं, अब जब राज्य को 40 प्रतिशत राशि वहन करनी होगी, तब तो राज्य सरकारें इसे लागू करने में और कोताही बरतेंगी।

## परीक्षा के एक रात पहले व्हॉट्स एप में वायरल हुए 12वीं हिंदी के प्रश्न!




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ एनएसयूआई का आरोप, जांच की मांग को लेकर आज करेंगे मंडल का घेराव

■ माशिम ने 14 मार्च को आयोजित की थी 12वीं कक्षा की हिंदी परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा सवालों के घेरे में आ गई है। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने परीक्षा के एक रात पूर्व व्हॉट्सऐप पर हिंदी की परीक्षा में पूछे गए सवाल वायरल होने का आरोप लगाया है। जांच की मांग को लेकर एनएसयूआई आज माध्यमिक शिक्षा मंडल का घेराव करेगी। संगठन ने अपने आरोपों के समर्थन में व्हॉट्सऐप ग्रुप के स्क्रीनशॉट पेश किए हैं। इसमें 13 मार्च की रात लगभग 2 बजकर 41 मिनट पर जीनियस एकेडमी ऑनलाइन नाम के एक व्हाटसऐप चैनल पर एक महिला द्वारा दो पन्नों पर लिखे हुए 15 सवाल भेजे गए। करीब 2 बजकर 44 मिनट पर इसी महिला ने आगे लिखा-इसे भी देख लेना। आरोपों के मुताबिक, दो पन्नों पर जो सवाल लिखे गए थे, वे ही अगले दिन हिंदी की परीक्षा में पूछे गए। यहां तक कि सवाल के क्रम भी एक जैसे ही हैं।

### मंडल ने नहीं दिया जवाब

पूरे मामले पर माध्यमिक शिक्षा मंडल का पक्ष जानने संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। गौरतलब है, माशिम दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से प्रारंभ करने जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के 31 जिलों में 36 केंद्र बनाए गए हैं। रायपुर के दानी गर्ल्स स्कूल और प्रो.जेएन पांडेय विद्यालय में कॉपियां जांची जाएंगी। संबंधित मूल्यांकन केंद्रों में उत्तरपुस्तिकाएं भेज दी गई हैं।

### 13 मार्च की रात वायरल हुए प्रश्न

एनएसयूआई के विवि प्रभारी पुनेश्वर लहरे का आरोप है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं कक्षा की हिंदी परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही लीक हो गया था। 13 मार्च की रात को जो प्रश्नपत्र व्हॉट्सऐप ग्रुप में वायरल हो रहा था, वही प्रश्नपत्र 14 मार्च को आयोजित बोर्ड परीक्षा में देखने को मिला, जिससे माध्यमिक शिक्षा मंडल की गोपनीयता और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। यह मामला लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार और माध्यमिक शिक्षा मंडल इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सच्चाई सामने लाएं और छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न होने दें।

## पोस्ट बेसिक नर्सिंग परीक्षा केंद्र बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** पोस्ट बेसिक नर्सिंग परीक्षा के लिए बनाए जाने वाले केंद्रों में की गई कटौती को दूर करने की मांग की गई है। निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष महेंद्र चौबे ने बताया कि केंद्रों में होने वाली कटौती से परीक्षार्थियों की संख्या में कमी आएगी, जबकि स्टूडेंट्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायपुर के अलावा बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर में भी परीक्षा केंद्र बनाने की मांग की गई है।

यापमं द्वारा पोस्टबेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 21 मई को किया जाएगा। इसके लिए 12 मार्च से 10 अप्रैल तक आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है।

# टेट की अनिवार्यता पर शिक्षक संगठन एकजुट मांगों को लेकर 4 अप्रैल को दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में रविवार को प्रदेश के विभिन्न शिक्षक संगठनों की राज्य स्तरीय बैठक रखी गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि आरटीई (लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर किसी भी प्रकार की विभागीय परीक्षा या टेट अनिवार्यता लागू नहीं होगी। उस समय नियुक्ति की शर्तो में टेट का प्रावधान नहीं था, पर बाद में नियम बदलकर परीक्षा की व्यवस्था देना अन्याय पूर्ण है।

■ टेट की अनिवार्यता का विरोध

■ राजधानी में हुई राज्य स्तरीय बैठक में बड़ा फैसला

बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि शिक्षक इस तरह के किसी भी परीक्षा शामिल नहीं होंगे। इस सिलसिले में 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ से शिक्षको का प्रतिनिधि मंडल नई दिल्ली जाएगा। और वहां देश भर के संगठनों से मिलकर टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर प्रदेश भर के शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। इसी सिलसिले में रविवार को राजधानी में प्रदेश भर के शिक्षक संगठनों की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित हुई। छत्तीसगढ़ शिक्षक संगठन ने एक स्वर में मांग की हैं कि कोई भी प्राथमिक एवं मिडिल शिक्षक टेट का एग्जाम नहीं दिलाएंगे। आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को टेट की बाध्यता नहीं थी, जिसके कारण से किसी भी शिक्षक पर टेट अनिवार्य नहीं किया जाना चाहिए।बैठक में शामिल मनीष मिश्रा - राजनारायण द्विवेदी, केदार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ से शिक्षक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाएगा। वहाँ देशभर के संगठनों के साथ मिलकर टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ प्रदर्शन होगा। दिल्ली से लौटने के बाद अप्रैल के दूसरे या तीसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ में भी बड़ा आंदोलन होगा। शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन और व्यापक होगा।

### ये रहे मौजूद

*बैठक में मनीष मिश्रा, राजनारायण द्विवेदी, केदार जैन, रविंद्र राठौर, जाकेश साहू, प्रदीप पांडे,विक्रम राय,कमलेश बिसेन, विष्णु प्रसाद साहू, रामचंद्र सोन, वंशी, ममता खालसा ,बसंत कौशिक कौशल अवस्थी ,राजू टंडन सहित 12 से अधिक शिक्षक संगठन के प्रतिनिधि शामिल रहे।*

**फरवरी में बिके बीते साल से ज्यादा वाहन**

# प्रदेश में नए साल में भी वाहन बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल का आगाज होने के बाद नए साल में जनवरी के बाद अब फरवरी में भी प्रदेशभर में बीते साल से ज्यादा वाहन बिके हैं। इस बार ऑटोमोबाइल सेक्टर में यह खास बात है कि इस बार एसयूवी कारों के ज्यादातर मॉडल ऑन डिमांड मिलने लगे हैं।

ऐसे में ग्राहकों को अब किसी भी मॉडल के लिए ज्यादा इंतजार करना नहीं पड़ता है। कारों की सप्लाई ज्यादा होने के कारण सभी डीलरों के पास भरपूर स्टॉक भी है। ऐसे में कारों की बिक्री भी ज्यादा हो रही है। दो साल पहले एसयूवी कारों के ज्यादातर टॉप मॉडल ऑन डिमांड मिल ही नहीं रहे थे। कई मॉडलों में छह-छह माह तक की वेटिंग थी, लेकिन अब यह स्थिति बदल गई है। दरअसल सेमीकंडक्टर की कमी के कारण कारों की सप्लाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन अब तो अपने ही देश में सेमीकंडक्टर बनने के कारण कारों का बहुत ज्यादा उत्पादन होने से कारों की कमी नहीं रह गई है। पहले डीलरों के पास 15 दिनों का भी स्टॉक नहीं होता था, अब तो दो माह से ज्यादा का स्टॉक रहता है।

### 9 हजार से ज्यादा कारें

*जहां तक कारों का सवाल है तो 9712 चारपहिया वाहन बिके हैं। यह बीते साल से सात फीसदी ज्यादा हैं। तिपहिया वाहनों में 26 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस बार फरवरी में ये 1347 बिके हैं। इसी तरह से कमर्शियल वाहनों की बिक्री में 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस बार फरवरी में ये 3014 बिके हैं।*





### जनवरी-फरवरी में रिकॉर्ड बिक्री

*बीते साल प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर में भारी संख्या में वाहन बिके। त्योहारी सीजन बहुत अच्छा गया। इसके बाद अब नए साल का पहला माह भी बहुत अच्छा गया है। इस माह तो प्रदेश में ऑटो एक्सपो के कारण भी ज्यादा वाहन बिके हैं। जनवरी में कुल मिलाकर 71713 वाहन बिके हैं। यह बीते साल से करीब सात फीसदी ज्यादा है। इस बार 51293 दुपहिया वाहन बिके हैं। बीते साल ये 47274 बिके थे। इसी तरह से 10821 निजी वाहन, जिनमें कारें ज्यादा बिकी हैं। बीते साल ये 10307 बिके थे। व्यावसायिक वाहन इस बार 3765 बिके हैं, जबकि बीते साल ये 3512 बिके थे। अब फरवरी की बात करें तो फरवरी में भी बीते साल से ज्यादा वाहन बिके हैं। बीते साल फरवरी में 57244 वाहन बिके थे, इस साल इनकी संख्या 63048 है। यह करीब सवा दस फीसदी ज्यादा है। इस बार फरवरी में 44850 दुपहिया बिके हैं, यह बीते साल से दस फीसदी ज्यादा है।*

## खबर संक्षेप



### मधु की उपलब्धि पर किया सम्मानित

**रायपुर।** समाजसेवी संस्था लायंस क्लब द्वारा सिटी कोतवाली स्थित एटी पैलेस में रविवार को लायंस मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर लायन राजू मनवानी और लायन तिलोक बरड़िया ने एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर लायन मधु यादव को सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें डिस्ट्रिक्ट 3233-C के 60 लायन सदस्यों से प्रति सदस्य एक हजार डॉलर का डोनेशन इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन में प्रेषण के साथ मेल्विन जोन्स के जन्मदिन पर 30 लॉयन से 147 डॉलर प्रति सदस्य का डोनेशन संग्रहण कर कीर्तिमान बनाया, इसलिए दिया गया। उनकी इस उपलब्धि पर अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन एपी सिंह द्वारा इंटरनेशनल सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीसिएशन प्रेषित किया गया।

### परीक्षा दिलाकर लौट रहे तीन छात्रों के साथ मारपीट

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के सरोना इलाके में परीक्षा देकर लौट रहे तीन छात्रों पर हमला कर स्कूटी लूटने की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस ने 5-6 अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट, धमकी और लूट के प्रयास की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। वीर सावरकर नगर निवासी छात्र अंश प्रताप सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि 12 मार्च को केपीएस स्कूल सरोना में परीक्षा देने के बाद वह अपने दोस्तों के साथ स्कूटी से घर लौट रहा था।

### बस चोरी का आरोपी हेल्पर गिरफ्तार



**रायपुर।** इंटरस्टेट बस टर्मिनल से बस चोरी कर ले जाने के आरोप में पुलिस ने बस के हेल्पर को गिरफ्तार किया है। बस चोरी करने के आरोप में टिकरापारा थाने की पुलिस ने अब्दुल अलीम की शिकायत पर कोरबा, कुसमुंडा निवासी मनबोध रात्रे उर्फ टेटू को गिरफ्तार किया है। मनबोध 6 मार्च को बस टर्मिनल में खड़ी बस चोरी कर ले गया था। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर बस के संभावित मार्ग के जाने के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल करने तथा फास्टैग से कटे टोल टैक्स की जानकारी हासिल कर मनबोध को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

## निधन



### रेखा देवड़ा

**रायपुर।** हनुमान नगर निवासी रेखा देवड़ा (76) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 मार्च को दोपहर 12 30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशाघाट के लिए निकलेगी। वे ललित देवड़ा की पत्नी और सुभाहू, चेनराज की भाभी, पवन, प्रवीण की माता थीं।


**// आम सूचना //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे मुवक्किल द्वारा विक्रेता आभा गुंडलवार, पिता-श्री मधुकर इंचुलकर एवं अर्चना पारधी पिता मधुकर इंचुलकर दोनों निवासी-कुशालपुर रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. के भूमि स्वामी हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा-रायपुर (रायपुर खास), प.ह.नं.-62, रा.नि.मं.-रायपुर 12 रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. स्थित आवासीय परिवर्तित भूमि मय मकान, खसरा नंबर-1317/79, रकबा 0.0170 हेक्टेयर अर्थात 1806 वर्गफुट जिस पर लगभग 50 वर्ष पुराना मकान निर्मित है को क्रय करने का पक्का सौदा विक्रेतागण के मुख्त्यारआम श्री सुधारकर इंचुलकर पिता स्व० श्री नारायण राव इंचुलकर निवासी-युनिक पैराडाईस भाठागांव रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ०ग० से कर अग्रिम बयाना राशि अदा किया जा चुका है अब केवल बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः इस आम सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति, संस्था, समूह, फर्म, कंपनी, ट्रस्ट, संस्था को उक्त सौदे पर या सौदाशुदा संपत्ति पर कोई हक, दावा उजर या आपत्ति है तो वह हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। मौखिक एवं बगैर दस्तावेज तथा म्याद बाद की गयी आपत्ति स्वयमेव शून्य व नाजायज माना जायेगा।

सो सूचना जाने।
रायपुर (छ.ग.):
दिनांक : 15/03/2026

भवदीय
अजीत पाण्डेय,
जितेन्द्र साहू,
परमेश्वर साहू, शशी कांत दुबे अधिवक्तागण


*नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन शाखा ने हार्वेस्टर बीडर मशीन खरीदने डेढ़ करोड़ का किया है टेंडर*

# जलकुंभी से पट रहे तालाब, न मेनुअल सफाई, न ही मशीन की हो पाई खरीदी

**महाराजबांध तालाब, बंधवा तालाब सहित आउटर के तालाब जलकुंभी से पटे, खारुन नदी में जलकुंभी का फैला जाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम शहर के तालाबों की सफाई को लेकर कोई ठोस प्लान नहीं बना पाया है। इसके कारण तालाबों में गाद की मोटी परत जम गई है, पानी का जलस्तर भी घटने लगा है, वहीं जलकुंभी और जलीय वनस्पति की भरमार होने से पानी की गुणवत्ता प्रभावित होने लगी है। मेनुअल सफाई के लिए अब तक जोन स्तर पर जलकुंभी सफाई के लिए ठेका तक नहीं किया गया है।

वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेनुवल की जगह तालाबों के जलकुंभी की सफाई के लिए 1:50 करोड़ खर्च कर मशीन खरीदने और इसके लिए एजेंसी तय करने का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में लोगों को निस्तारी तालाबों के सूखने की चिंता सताने लगी है। जलकुंभी और जलीय वनस्पति ज्यादा होने से तालाब का पानी गंदा हो गया है, जिसका उपयोग निस्तारी के लिए करने से लोग कतराने लगे हैं। भूजल के विशेषज्ञ का कहना है कि जलकुंभी की अधिकता से तालाब के पानी की क्वालिटी पर असर पड़ने लगा है। यदि जल्द सफाई नहीं कराई गई, तो तालाब का पानी प्रदूषित होते देर नहीं लगेगी। एक रिपोर्ट : -



बंधवा तालाब

**केस 1**

### कबीरनगर का गुनिया तालाब

नगर निगम जोन 8 के पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर का 10 एकड़ क्षेत्र में फैले गुनिया तालाब जलकुंभी से पटा पड़ा है। इस तालाब में 12 महीना साफ पानी रहने से लोग न केवल इसका उपयोग निस्तारी कार्य, बल्कि धार्मिक और सामाजिक अवसरों पर सामूहिक रूप से करते रहे हैं, पर इन दिनों इस तालाब की स्थिति बेहद खराब है। जलकुंभी ज्यादा होने से तालाब में गंदगी और कीचड़ ज्यादा है। मवेशी तक को नहलाने का काम भी यहां नहीं हो रहा है। इससे कबीरनगर के रहवासी बहुत चिंतित हैं। वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश ने तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण कराने कई बार जोन 8 कमिश्नरी को पत्र लिखकर गुहार लगाई। इसके बाद भी गुनिया तालाब को जलकुंभी मुक्त नहीं किया जा सका। इसके संरक्षण की ओर ध्यान दिया जाए तो 10 एकड़ का यह तालाब वार्ड वासियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। इसी तरह सोनडोंगरी का शीतला तालाब जहां जोत-जंवारा का विसर्जन प्रति वर्ष होता रहा है इस तालाब के सफाई नहीं होने से तालाब की स्थिति खराब है।

**केस 2**

### बंधवा तालाब

नगर निगम जोन 5 क्षेत्र के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड का बंधवा तालाब इन दिनों पूरी तरह जलीय वनस्पति और जलकुंभी से भरा पड़ा है। कीचड़ और गंदगी इतनी ज्यादा है कि तालाब में पानी दूर-दूर तक नजर नहीं आता। आसपास के रहवासियों का कहना है कि तालाब की उपेक्षा से इसकी ये दशा हुई है। जबकि पहले इस तालाब में साफ पानी भरे रहने से लोग इस तालाब का उपयोग दैनिक क्रिया, सामाजिक व धार्मिक प्रयोजन के मौके पर किया करते थे। वार्ड के छाया पार्षद बंशी कन्नौजे का कहना है बंधवा तालाब में जलीय वनस्पति और जलकुंभी की सफाई एक अरसे से नहीं कराई गई। केवल बाहरी तामझाम के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने तालाब सौंदर्यीकरण, पचरीकरण और एसटीपी के नाम पर करोड़ों रूपए फूंक डाले पर तालाब की दशा नहीं सुधार पाए। वार्ड पार्षद और जोन अध्यक्ष भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही कारण है शहर के बंधवा तालाब बदतर हालत में है।

**खारुन भी जलकुंभी से अछूती नहीं**

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी जलकुंभी से अछूती नहीं है। नगर निगम ने अमृत मिशन में 261 करोड़ खर्च नदी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगवाए, इसके बाद भी खारुन में गंदगी और जलकुंभी का जाल होने से यह प्रदूषित होने लगी है। चिंगरी नाले के सीवरेज का बदबूदार पानी ओवरफ्लो होकर प्लास्टिक झिल्ली व गंदगी के साथ खारुन में सीधे जा रहा है। अब नाले का गंदा पानी खारुन में जाने से रोकने पीहर के पास नाले की लाइनिंग कर स्क्रीन लगाने की योजना है। चैंबर बनाकर तथा वाल्व लगाकर गंदगी को चैंबर में रोका जाएगा। इसके लिए 11 करोड़ का रिवाइज प्रपोजल शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

**तालाबों से जलकुंभी सफाई के लिए मशीन खरीदने टेंडर**

शहर के तालाबों से जलकुंभी निकालने के नाम पर मेनुवल सफाई नगर निगम हर साल लाखों रुपए खर्च कर देता है, इसके बाद भी तालाबों में जलकुंभी की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। अब मेनुवल की जगह मशीन से तालाबों की सफाई कराने निगम ने 1:50 करोड़ रुपए मशीन क्रय करने ऑनलाइन टेंडर किया है। स्वच्छ भारत मिशन के सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू के मुताबिक इस माह के अंत तक टेंडर खोलकर एजेंसी तय कर ली जाएगी। महापौर मीनल चौबे की परिषद ने इससे पूर्व तालाबों की मशीन से सफाई कराने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। शासन स्तर पर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद ऑनलाइन टेंडर किया गया। यह पहला मौका होगा जब राजधानी के तालाबों को जलकुंभी से मुक्त कराने नगर निगम मशीन का सहारा लेगा।

**एक्वेटिक बीड हार्वेस्टर मशीन क्रय करने की योजना**

मिलेनियम प्लस सिटी के तहत रायपुर नगर निगम ने तालाबों की सफाई कार्य के लिए एक्वेटिक बीड हार्वेस्टर मशीन क्रय करने की योजना बनाई है। नई मशीन खरीद कर शहर के तालाबों से जलकुंभी, प्लास्टिक की पन्नी, नारियल, कपड़ा सहित अन्य तरह की चीजों की सफाई कराएगा। अभी तक शहर के तालाबों की सफाई स्थानीय मछुआरों के माध्यम से ठेका देकर कराने की परिपाटी रही है। इसमें ज्यादा समय और खर्च आता है, यही नहीं जलकुंभी की पूरी तरह सफाई नहीं हो पाती।

**केस 3**

### महराजबंध तालाब

रायपुर की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल महामाया मंदिर वार्ड का करीबन 450 साल पुराना महराजबंध तालाब कभी शहरवासियों के लिए पीने के पानी का मुख्य स्त्रोत हुआ करता था, लेकिन अब इसकी स्थिति बदतर हो गई है। तालाब का एक बड़ा हिस्सा जलकुंभी और गंदगी से भर गया है, जिससे इसका अस्तित्व खतरे में है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि तालाब में शहर के नालों का गंदा पानी लगातार आने से इसकी स्थिति बिगड़ती जा रही है। हालांकि रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी तालाब को संवारने करोड़ों रुपए खर्च कर दिए, पर तालाब को साफ-सुथरा नहीं कर पाए। तालाब की गहराई धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसका जलस्तर बढ़ाने 3 साल पहले रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने जिस एजेंसी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने ठेका दिया उस एजेंसी द्वारा आधा-अधूरा काम करने और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम शुरू नहीं होने से तालाब का जल प्रदूषित हो चुका है। जलकुंभी की बहुतायत होने और उसकी सफाई नहीं कराने से तालाब का जलस्तर पहले से कम हो गया है।

# खटाई में वार्ड एक्शन प्लान, 6 महीने तक सर्वे-प्रेजेंटेशन, पर फंड अब तक नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **शहर विकास के लिए 20 साल की कार्ययोजना**

रायपुर नगर निगम 10 जोन स्थित 70 वार्डों में आगामी 20 साल का वार्डलेवल मास्टर प्लान राज्य शासन द्वारा फंड नहीं मिलने से खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। इस योजना में वार्ड की प्रकाश व्यवस्था, बगीचा, लोगों के चलने के लिए फुटपाथ, पार्किंग एरिया से लेकर डिवाइडर की रेलिंग तक की परिकल्पना को शामिल किया गया। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम के 10 जोन कमिश्नरी में 8 कंसल्टेंट नियुक्त किए गए। अलग-अलग चरणों में वार्डों का सर्वे कर एक ब्लूप्रिंट भी तैयार किया गया, पर राज्य शासन के बजट में इस वार्ड एक्शन प्लान पर अलग से फंड नहीं मिल पाया।

दरअसल वार्डों में पार्षदों के प्रस्ताव पर सामुदायिक भवन, कंक्रीट रोड, बोरवेल और निकास नालियों के साथ ही चबूतरे बनवाने में हर साल मनमाने ढंग से खर्च हो रहे पैसों के किफायती उपयोग को लेकर





नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने वार्ड एक्शन प्लान बनाने निर्देश दिए थे। पिछले वर्ष जारी इस निर्देश के बाद रायपुर नगर निगम ने इस काम को धरातल पर तेजी से आगे बढ़ाने कंसल्टेंट नियुक्त करने टेंडर प्रक्रिया अपनाई, जिसमें 8 कंसल्टेंट ने रुचि लेते हुए भाग लिया, इसमें रायपुर के अलावा ओडिशा के कंसल्टेंट शामिल रहे। उन्हें नगर निगम के 10 जोन कमिश्नरी व 70 वार्डों के लिए नियुक्त किया गया। इसके बाद अलग-अलग चरणों में वार्डों का सर्वे करके एक ब्लूप्रिंट तैयार किया गया। वार्ड एक्शन प्लान में सांसद से लेकर विधायक, महापौर और वार्ड पार्षदों के सुझावों को भी शामिल किया गया। इसके बाद नगरीय प्रशासन सचिव के समक्ष वार्ड एक्शन प्लान पर पॉवर प्रेजेंटेशन हुआ। नवंबर माह तक यह काम पूरा हुआ।

**फेजवाइज काम ले रहे**

*राज्य शासन के बजट में वार्ड एक्शन प्लान के लिए अलग से एकमुश्त राशि नहीं रखी गई है, पर वार्डों के विकास के लिए शासन की गाइडलाइन अनुसार महत्वपूर्ण काम को हम धीरे-धीरे फेजवाइज ले रहे हैं। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर नाला, नाली निर्माण, सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य का इसमें समावेश कर रहे हैं।*

*- विश्वदीप, आयुक्त, ननि रायपुर*

**योजना शाखा में धरी रह गईं मोटी-मोटी फाइलें**

6 माह तक लंबी माथापच्ची के बाद कंसल्टेंसी एजेंसी ने वार्ड एक्शन प्लान तैयार किया, उस प्लानिंग की मोटी-मोटी फाइलों का अब तक उपयोग नहीं होने से यह निगम मुख्यालयमें धरी रह गईं। सूत्रों के मुताबिक, जिन कंसल्टेंसी एजेंसीज ने यह प्लान तैयार किया, उनको इसकी फीस नहीं मिल पाई है।

**1.5 फीसदी तय हुआ था कंसल्टेंसी शुल्क**

इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए वार्ड एक्शन प्लान बनाने वाले 8 कंसल्टेंसी एजेंसी को 1.5 फीसदी राशि शुल्क के रूप में देनी थी। यह शुल्क योजना बनाने से लेकर कार्यों की मॉनिटरिंग तक था। टेंडर में इसके लिए एजेंसियों से बकायदा रेट मंगाए गए। जो सबसे कम रेट आया, उसी आधार पर शुल्क का निर्धारण किया गया।

**25 करोड़ में केवल रोड नाली का काम**

नगरीय प्रशासन विभाग ने पिछले माह रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में विकास के लिए करीब 25 करोड़ रुपए जारी किए। इस राशि से नगर निगम द्वारा केवल कंक्रीट रोड और नाली निर्माण का काम शुरुआती तौर पर कराया जा रहा है। बड़े कार्यों के लिए राशि शासन स्तर से मिलने का इंतजार है।

# अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **कांदुल, भाठागांव, डोमा और दतरेंगा में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन की कार्रवाई**

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश एवं एसडीएम रायपुर के मार्गदर्शन में रविवार को रायपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा बिना वैध अनुमति के की जा रही प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ढहाए गए।

राजधानी के भाठागांव इलाके में अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफिया के खिलाफ दोबारा कार्रवाई की गई है। नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम ने भाठागांव में शंकरा विहार के नाम से कॉलोनी बना रहे जमीन मालिक के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी क्रम में ग्राम भाठागांव स्थित खसरा नंबर 940/1, 940/4 एवं 944/1 की लगभग 5 एकड़ भूमि में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई की गई। इस दौरान राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार प्रवीण परमार, हल्का पटवारी, कोटवार एवं नगर निगम की टीम मौजूद रही।



ग्राम कांदुल में करीब 2-2 एकड़ क्षेत्र में की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए निर्मित प्लिंथ को तोड़ा गया तथा बनाए गए अवैध रोड-रास्तों को काटा गया। इस दौरान अतिरिक्त तहसीलदार राकेश कुमार देवांगन सहित अन्य हल्का पटवारी, कोटवार एवं नगर निगम की टीम मौजूद रही।

इसी तरह ग्राम डोमा में एक एकड़ तथा ग्राम दतरेंगा में 3 एकड़ से अधिक भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसीलदार राममूर्ति दीवान, हल्का पटवारी एवं ग्राम कोटवार उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के ग्रामीण क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि दो युवकों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ जमकर मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना ग्राम मुजगहन चौकी पिनकापार क्षेत्र की है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह कक्षा 10वीं तक पढ़ा-लिखा है तथा मजदूरी करके अपना परिवार पालता है। गांव में उसका दोमंजिला मकान है, जहां नीचे वाले हिस्से में वह छोटे भाई भूपेंद्र कुमार लेडिया और अपने बेटे के साथ रहता है। वहीं मकान की ऊपरी मंजिल पर एक कमरे में उसके पिता लाल सिंह लेडिया रहते हैं, जबकि दूसरे कमरे में किराएदार का परिवार निवास करता है। 14 मार्च की रात करीब 10.30 बजे वह अपने पिता से मिलने के लिए ऊपर वाले कमरे की ओर गया था। उसी समय ग्राम सिर्राभाठा निवासी मिथुन उर्फ मिलाप कुमार बघेल और उसका साथी करमतरा निवासी ओमेश कुमार साहू सीढ़ियों से ऊपर चढ़ रहे थे। दोनों युवक उस समय आपस में जोर-जोर से गाली-गलौज कर रहे थे।

## पेज 09 के शेष ...

### सीबीएसई ने छठीं बार...

के बाद लिया गया है। सीबीएसई के अनुसार 16 मार्च से 10 अप्रैल के बीच होने वाली कक्षा 12वीं की सभी बोर्ड परीक्षाएं इन सात देशों में रद्द कर दी गई हैं। यह फैसला उन स्कूलों के लिए लागू होगा जो इन देशों में सीबीएसई से संबद्ध हैं। सीबीएसई द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार इन परीक्षाओं को अब तक पांच बार (1, 3, 5, 7 और 9 मार्च 2026) स्थगित किया जा चुका था। लगातार बनी परिस्थितियों को देखते हुए अब बोर्ड ने इन सभी परीक्षाओं को पूरी तरह रद्द करने का फैसला लिया है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए...

सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा। सर्वाइकल कैंसर का पता लगने में देर होने की वजह से मृत्यु के रूप में परिणाम सामने आता है। इसे ध्यान में रखते हुए 14-15 साल की बच्चियों को इससे बचाव के लिए निशुल्क वैक्सीन लगाने की योजना वर्ष 2022 में बनाई गई थी। देशभर में शुरू किए जाने वाले इस टीकाकरण अभियान के लिए काफी समय तक पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन की व्यवस्था नहीं हो पाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर 28 फरवरी 2026 को इस टीकाकरण अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद छत्तीसगढ़ में भी इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। गाइडलाइन जारी होने के बाद छत्तीसगढ़ में भी जिला स्तर पर ट्रेनिंग की तैयारी पूरी कर ली गई। सोमवार 16 मार्च से राज्य स्तर पर वैक्सीनेशन की शुरुआत की जाएगी और तमाम जिला अस्पतालों में इसकी सुविधा प्रदान की जाएगी। जानकारी के अनुसार चिन्हित बच्चियों की पहचान आधारकार्ड के माध्यम से की जाएगी और टीकाकरण के बाद उनकी पहचान के लिए दस्तावेज अपडेट करने के साथ ही प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

***डॉक्टरों की निगरानी में 0.5 एमएल की खुराक:*** राज्य टीकाकरण अधिकारियों के मुताबिक, एचपीवी वैक्सीन की 0.5 एमएल की सिंगल डोज लगाई जाएगी। टीकाकरण चिकित्सा अधिकारियों की उपस्थिति में पूरी होगी। इस वैक्सीनेशन के बारे में पालकों को समझाया जाएगा और उनसे अनुमति लेकर टीका लगाया जाएगा। आधे घंटे की निगरानी के बाद उन्हें वैक्सीनेशन का कार्ड देकर भेजा जाएगा।

### रीवा उड़ान से छत्तीसगढ़ में...

घंटेभर में अपनी यात्रा पूरी करेगी। ट्रैवल्स कारोबारियों के मुताबिक, इसका टिकट फिलहाल ऑनलाइन अथवा विमानन कंपनी के काउंटर से बुक किया जा सकेगा।

# सिंधियत दिवस पर डिस्काउंट आफर, ब्रोशर का विमोचन



**रायपुर।** विश्व सिंधी सेवा संगम की रायपुर इकाई द्वारा आगामी 20 मार्च को सिंधियत दिवस चेट्रीचंड्र महोत्सव के शुभ अवसर पर सिंधी समाज के सभी व्यापारियों द्वारा साप्ताहिक 13 से 20 मार्च तक ग्राहकों के लिए सघन डिस्काउंट ऑफर चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत समाज के सभी व्यापारियों द्वारा खरीदी पर सुविधानुसार छूट दी जाएगी। इस कड़ी में रविवार को एक ब्रोशर का विमोचन छग चैंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, उपाध्यक्ष राजेश वासवानी, छग सिंधी महापंचायत के अध्यक्ष और एमाईसी सदस्य अमर गिदवानी और विभिन्न पदाधिकारी पवन प्रीतवानी, अमर खट्टर, चंदर विधानी, मूलचंद खत्री, पार्षद सचिन मेघानी, युवा विंग के जितेंद्र बडवानी, महिला शक्ति से राधा राजपाल, पिंकी लालवानी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी अमित जीवन, किशोर आहूजा, राजू भाई तारवानी, राम खटवानी आदि उपस्थित थे।

# नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि : आईजी

**रायपुर।** न्यू शांति नगर स्थित विमतारा भवन में रविवार को छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन का वार्षिक सम्मेलन एवं नागरिक सुरक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें राज्य और समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिवक्ता भगवानू नायक, अधिवक्ता स्मिता पांडे, समाजसेवी पूजा शर्मा, हेम सागर साहू, अशोक कुमार साहू, जितेंद्र साहू एवं ऋषि सिंह को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईजी पुलिस मिलना कुर्रे रहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सुरक्षा और जागरूकता के लिए नागरिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है तथा छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा



फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

***ये रहे उपस्थित :*** कार्यक्रम में एएसपी सुरेशा चौबे, बाल संप्रेषण गृह माना अधीक्षक रीता चौधरी के अलावा प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश सिंह, आरती सिंह, अजय कश्यप, संजय रामचंद्र अग्रवाल, राजेंद्र यादव, रायपुर जिला की महिला जिलाध्यक्ष शैलेन्द्री परगनिहा, जिलाध्यक्ष हरिओम साहू, डॉ. आरडी शर्मा, दिलीप कुर्रे आदि उपस्थित रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण, रोड सेफ्टी क्लब का होगा गठन




**रायपुर।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए तथा आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सुरक्षित भव फाउंडेशन द्वारा 16 मार्च सोमवार को दोपहर 3 बजे से एक विशेष सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया जाएगा। फाउंडेशन के डायरेक्टर केशव राव ने उक्ताशय की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग, दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक सहायता तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में निभाई जाने वाली भूमिका के बारे में जागरूक करना है।

### पेयजल व्यवस्था को लेकर रावणभाठा फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण



**रायपुर।** गर्मी के मौसम में शहरवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर शनिवार को अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने रावणभाठा स्थित फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर प्लांट संचालन प्रक्रिया और मोटर पंपों के कार्य स्थिति की जानकारी ली। श्री साहू ने निरीक्षण के दौरान जल विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रीष्माकालीन पेयजल व्यवस्था की जानकारी लेने नगर निगम के अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू रावणभाठा के फिल्टर प्लांट पहुंचे। वहां उन्होंने फिल्टरेशन प्रक्रिया, प्रयोगशाला में टेस्टिंग की स्थिति, शहर के सभी पानी टंकियों में जलभराव, स्कॉडा मानिटरिंग सिस्टम का प्रत्यक्ष अवलोकन कर जानकारी ली। इस दौरान जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र सहित फिल्टर प्लांट के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समाज सेवा समिति ने महिला का कराया ऑपरेशन



**रायपुर।** समाजसेवा समिति टाटीबंध रायपुर के सेवादारों ने एक जरूरतमंद परिवार की महिला की आंख का ऑपरेशन कराने में सहयोग दिया। इस सेवाभाव में दृष्टि नेत्रालय के चिकित्सक डॉ. विनोद कुमार गेडाम एमबीबीएस (एमएस) भी शामिल रहे। इस दौरान समाजसेवा समिति के सेवादार गुरजंट सिंग भामरा, रणजीत सिंग पनेसर, चरणजीत सिंग पनेसर, हरजीत सिंग कलसी, जसपाल सिंग होरा, राजू सिंह ठाकुर, इंद्रजीत सिंग मान, नसीब सिंग गिल आदि मौजूद थे।

# बुझने लगे बेस किचन के चूल्हे, इंडक्शन पर पकेगा यात्रियों का खाना, अब रेडी-टू-ईट भोजन देने की तैयारी भी

**जोन के बेस किचन में सप्ताहभर के लिए बचा है गैस, सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हुई तो प्लान बी से बनाएंगे खाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

देशभर में गैस संकट के बीच अब आईआरसीटीसी के बेस किचन में खाना तैयार करने गैस की किल्लत होने लगी है। ऐसे में कई जगहों पर यात्रियों के लिए खाना तैयार करने इंडक्शन का उपयोग लिया जा रहा है। ट्रेनों में इंडक्शन के जरिए नाश्ता बनाने के साथ-साथ गर्म कर यात्रियों को दिया जा रहा है। बता दें कि जोन के बेस किचन में सप्ताहभर के लिए गैस बची है। सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हुई तो प्लान बी से खाना बनाएंगे।

हरिभूमि सरोकार

#### वंदे भारत ट्रेनों में उपलब्ध रहेगा रेडी टू ईट

वंदे भारत ट्रेनों में 'रेडी टू ईट' नाश्ता व भोजन उपलब्ध होगा। वंदे भारत में अलग से पेंट्रीकार नहीं होती। इस ट्रेन में मिनी पेंट्रीकार होती है। मिनी पेंट्रीकार में नाश्ता, खाना, चाय व पानी गर्म किया जाता व रखा जाता है। जब बेस किचन से नाश्ता व भोजन नहीं मिलेगा तो आईआरसीटीसी यात्रियों को मिनी पेंट्रीकार के माध्यम से यात्रियों को 'रेडी टू ईट' नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराएगा।



#### नाश्ता और खाना के अभाव के बाद निर्देश

रेलवे बोर्ड के उप निदेशक (खानपान) ए. रंगराजन ने सभी प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों और आईआरसीटीसी के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।उन्होंने कहा है कि ऐसी आपातकालीन स्थितियों के दौरान, सभी सुरक्षा उपायों और प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने की शर्त पर, ट्रेनों के पैंट्रीकारों में 'फ्लेमलेस कुकिंग', बिना आग के खाना पकाने की अनुमति दी जा सकती है। बता दें कि सुरक्षा को देखते हुए बोर्ड ने ही पेंट्रीकार में नाश्ता और खाना बनाने पर रोक लगाई थी। पेंट्रीकार में सिर्फ खानपान की सामग्री, चाय व पानी गर्म किया जाता है। इसके लिए इंडक्शन चूल्हे लगाए गए हैं। यात्रियों को दिया जाने वाला नाश्ता व खाना आईआरसीटीसी के बेस किचन में तैयार होते हैं, जिसे मंडल व जोन के प्रमुख स्टेशनों से ट्रेनों के पेंट्रीकार में चढ़ाया जाता है।

अमेरिका-इजरायल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर गैस की आपूर्ति पर पड़ रहा है। कामर्शियल एलपीजी की आपूर्ति को बंद कर दिया गया है। रेलवे की कैटरिंग सेवा भी प्रभावित हो रही है। आईआरसीटीसी ने कामर्शियल सिलेंडर उपलब्ध न होने पर इंडक्शन व इलेक्ट्रिक बर्तनों पर भोजन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अब यात्रियों को रेडी टू ईट भोजन देने की तैयारी भी की जा रही है। यह भोजन डिब्बों में पैक रहता है। इसके पैकेट को खाने से पहले गर्म पानी में डालना होगा, कुछ ही देर में यह खाने के लिए तैयार हो जाएगा। यह भोजन रेलवे स्टेशनों के फूट प्लाजा सहित ट्रेनों में उपलब्ध कराया जाएगा।

### फुंडहर ऐसा इलाका, जहां रहवासी सौ मीटर भी बगैर हेलमेट बाइक नहीं चला सकते

# हेलमेट के नाम पर शहर के भीतर भी कट रही जेब, सीधे मोबाइल पर पहुंच रहा ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हेलमेट के नाम पर ई-चालान काटने को लेकर ट्रैफिक पुलिस का कोई मापदंड नहीं है। शहरी क्षेत्र में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने अघोषित छूट है। शहर में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई पहले से ज्यादा तेज हो गई है। आईटीएमएस कैमरों की जद में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के पांच सौ से एक हजार रुपए तक के ई-चालान काटे जा रहे हैं। इसके विपरीत तीन-चार सवारी वाले दोपहिया वाहन चालकों पर किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

■ दोपहिया में ट्रिपलिंग पर कार्रवाई नहीं

बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने के मामले में वीआईपी रोड स्थित फुंडहर इलाके के रहवासियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फुंडहर चौक पर चारों दिशाओं में आईटीएमएस कैमरे लगे हुए हैं। इसके चलते बस्ती में रहने वाले अपने घर से बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर आईटीएमएस के कैमरे में कैद हो जाते हैं और उनका ई-चालान कट जाता है। स्थिति ऐसी है कि कई दोपहिया वाहन चालकों का बगैर हेलमेट दोपहिया चलाए जाने के कारण आठ से दस बार ई-चालान कट चुका है।



#### डॉयल-112 की गाड़ी में स्टंट, ऐसे में कैसे चलेगा काम



ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के साथ बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। शनिवार को ट्रैफिक के साथ थानों की पुलिस ने 132 नशेड़ी वाहन चालकों की गाड़ियां जब्त की हैं। नशेड़ी वाहन चालकों के साथ ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बाइक सवार एक युवक डॉयल-112 की गाड़ी में स्टंट करते दिख रहा है। वीडियो संतोषी नगर में शनिवार रात 11.55 बजे का है। बताया जा रहा है कि डॉयल-112 के साथ स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

#### जहां आईटीएमएस कैमरे नहीं, वहां ज्यादा लापरवाही



जिन क्षेत्रों में आईटीएमएस कैमरे नहीं लगे हैं, उन क्षेत्रों में ट्रैफिक नियमों का ज्यादा उल्लंघन हो रहा है। ऐसे क्षेत्र में दोपहिया वाहन चालक स्टंट करने के साथ ही अपनी दोपहिया में तीन से चार सवारी बैठाकर निकल रहे हैं। साथ ही कार चालक रोड क्रॉस कर रहे लोगों को रोड पार जाने देने के बजाय तेजी से कार निकलते हैं। इससे एक्सीडेंट का खतरा भी बना रहता है। ट्रैफिक नियम के मुताबिक, अगर कोई पैदल रोड पार कर रहा है तो ऐसी स्थिति में दोपहिया, चौपहिया वाहन चालकों को अपनी गाड़ी धीरे कर पैदल जा रहे व्यक्ति को रोड पार करने देने का नियम है।

#### हजार में दस लोगों का बगैर हेलमेट कटता है चालान



बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के लिए चालान काटने का कोई पैरामीटर नहीं है। बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों में से औसतन बगैर हेलमेट एक हजार दोपहिया वाहन चालकों में से महज दस के खिलाफ ई-चालान कटता है। इनमें भी उन लोगों का ई-चालान कट रहा है, जिन गाड़ी मालिकों का मोबाइल नंबर आरटीओ में अपडेट है। शेष अन्य बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों का ई-चालान नहीं कट रहा।

## फेडरेशन 18 को करेगा जिले-ब्लाक में जंगी प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर प्रदेशभर के कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 18 मार्च (बुधवार) को जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में भोजन अवकाश के दौरान जंगी प्रदर्शन करेंगे। फेडरेशन ने प्रदेश के सभी कर्मचारी-अधिकारियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर अपनी एकता और अधिकारों की आवाज बुलंद करने का आव्हान किया है।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए यह प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी के अनुसार जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष में प्रदान करने तथा मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिवस करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही फेडरेशन ने लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त सेवा लाभ देने, तथा सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी उठाई है।

फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति को निशर्त लागू करने, 10 प्रतिशत की वर्तमान सीमा समाप्त कर सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने, तथा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति देने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त विभागों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने, तथा आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति तत्काल बंद करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। साथ ही विभागों में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की अनुमति देने की भी मांग की गई है।

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट, आक्रोशित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाना घेरा, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिंदू देवी-देवताओं को लेकर सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी से नाराज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। बजरंग दल की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपराध दर्ज होने की भनक लगने के बाद आरोपी युवक फरार हो गया है, जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है।

■ सिविल लाइंस पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में जुटी

राजातालाब निवासी अंजुम खान के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। अंजुम ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं और हिंदुत्व को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसके बाद तनाव का माहौल है। यह मामला तब और बढ़ गया, जब युवक का सोशल मीडिया पर स्टेटस वायरल हो गया।



इस पर आक्रोशित बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठन थाने का घेराव करने पहुंच गए। अंजुम ने रमजान के पाक महीने में अपने मीडिया स्टेटस पर रमजान की शुभकामनाओं के साथ हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की थी। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष योगेश सैनी के अनुसार, रमजान के पाक महीने में आरोपी युवक ने जानबूझकर सौहार्द्र बिगाड़ने हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने राजातालाब में सुरक्षा बढ़ा दी है।



### चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में निकाली बाइक रैली

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व के उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जय झूलेलाल महोत्सव समिति द्वारा लाखेनगर से झूलेलाल सरोवर कटोरा तालाब तक विशाल वाहन रैली व झूलेलाल चालीहा महापाठ दरियशाह की महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों सिंधुजन शामिल हुए। आयोजन में बॉलीवुड अभिनेता राहुल चेलानी, धार्मिक सीरियल्स में हनुमानजी का किरदार निभाने वाले अभिनेता निर्भय वाधवा और अभिनेता अक्षय पोपटानी विशेष रूप से शामिल हुए। समिति के संस्थापक प्रशांत राज गावरी व आदर्श कलवानी ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। मुख्य रूप समिति के प्रमुख संतोष सचदेव, हर्षित लेखवानी, योगेश घिंडवानी, हेमंत बुधवानी, सुजल करवानी आदि उपस्थित रहे।

## तीस महीने बाद भी शुरू नहीं हो पाया आंबेडकर अस्पताल के नए भवन का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले नए अस्पताल भवन ने तीस महीने बाद भी आकार लेना शुरू नहीं किया है। मरीजों की सुविधा के विस्तार के लिए अति आवश्यक इस भवन को बनाने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी के पास है। उसके कामकाज की प्रक्रिया इतनी लंबी है कि अब तक निर्माण एजेंसी ही तय नहीं हो पाई है। पर्याप्त जगह के अभाव में मरीज अभी को इलाज के लिए तकलीफ उठानी पड़ रही है।

■ जगह का अभाव, मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी

राज्य शासन द्वारा आंबेडकर अस्पताल भवन में ज्यादा मरीजों की भर्ती के लिए सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले नए भवन के निर्माण को मंजूरी दी थी। इस दौरान माना गया था कि एक से डेढ़ साल में भवन बनने के बाद वहां के कई इलाज में भर्ती होने वाले मरीजों को अपना बेड शेयर नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए आवश्यक निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई। अपने शिथिल कामकाज के लिए हमेशा चर्चित रहने वाली इस एजेंसी ने बेहद जरूरी काम को भी अपनी आदतन के अनुसार ढीला कर दिया। योजना के मुताबिक इस एकीकृत अस्पताल के निर्माण के लिए 322 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त है। इसके लिए सीजीएमएसी ने टेंडर तो जारी किया गया था मगर तीस महीने की प्रक्रिया के बाद भी इसे अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। निर्माण एजेंसी तय नहीं होने की वजह से निर्माणाधीन स्थल पर खड़ा भवन अभी भी जस का तस खड़ा है क्योंकि वहां अब तक काम ही शुरू नहीं हो पाया है। तीस महीने बीत चुके इस भवन का काम शुरू होने और पूरा होने में तीन से चार साल लगने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है।



### संध्या फेरी आज

**रायपुर।** श्री झूलेलाल नवयुवक संघ एवं पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में संध्या फेरी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सिंधी समाज के आराध्य सांईं झूलेलाल के रथ के साथ आतिशबाजी और गायक सन्नी पारवानी एवं उनकी टीम द्वारा संगीतमयी प्रस्तुति दी जाएगी।

## बिजली की डिमांड अभी से 62 सौ मेगावाट पार, गर्मी में और चढ़ेगा खपत का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में मार्च में ही गर्मी अपने तीखे तेवर दिखाने लगी है। इसके कारण बिजली की खपत का पारा भी चढ़ने लगा है। अभी से खपत 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। आने वाले समय में जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ेगा, वैसे-वैसे खपत का पारा भी चढ़ेगा। बीते साल खपत के 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना जताई गई थी, लेकिन खपत सात हजार मेगावाट तक गई थी। इस बार खपत के सात हजार मेगावाट के पार जाने की पूरी संभावना है। इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जहां अपने संयंत्रों के लिए भरपूर कोयले की व्यवस्था करके रखी है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से भी चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेने की व्यवस्था है। गर्मी में बिजली की कमी न होने का पॉवर कंपनी का दावा है।

■ बीते साल गर्मी में खपत सात हजार मेगावाट के पार गई थी

इस बार गर्मी का आगाज फरवरी से ही हो गया है। इसी के साथ बिजली की खपत भी लगातार बढ़ रही है। पहले खपत 55 सौ मेगावाट के पार गई लेकिन फरवरी में ही अब पारा 35 डिग्री के करीब पहुंचने के कारण खपत भी लगातार बढ़ी और पीकऑवर में खपत छह हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई। अब मार्च में जब पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है को खपत भी बढ़ गई है।



#### भरपूर व्यवस्था है

गर्मी में खपत को देखते हुए पूरी व्यवस्था की गई है। किसी भी तरह से कोई परेशानी नहीं होगी।
- **संजीव कुमार कटियार**, एमडी, उत्पादन कंपनी

#### सेंट्रल सेक्टर का बड़ा सहारा

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत सात हजार मेगावाट तक गई तो ज्यादा परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है, लेकिन यह तब की स्थिति है जब पूरे संयंत्र चलते हैं। सभी संयंत्र चलते रहे तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट और इससे ज्यादा बिजली लेकर पूर्ति हो जाएगी, निजी उत्पादकों से भी बिजली ली जाती है। दूसरे राज्यों के भी एक्सचेंज में बिजली लेते हैं। ऐसे में परेशानी नहीं होगी।













हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



लाइव इवेंट

## स्टूडेंट्स ने जलवायु और पर्यावरण के चुनौतियों पर प्रजेंट किए नवाचार आइडिया



**एनआईटी में क्लाइमेटाथॉन 2026 का समापन**

**रायपुर।** एनआईटी में आयोजित दो दिवसीय क्लाइमेटाथॉन-2026 का भव्य समापन रविवार को हुआ। यह आयोजन संस्थान के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग और आई-सेल ने यूनिसेफ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने जलवायु और पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए नवाचार आधारित विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में लगभग 120 छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से 14 टीमों को अंतिम चरण के लिए चुनी गई। फाइनल में टीमों ने क्लाइमेट रेज़िलिएंस, वेस्ट मैनेजमेंट और सतत विकास जैसे विषयों पर तकनीक आधारित समाधान प्रस्तुत किए। समापन समारोह में क्लाइमेटाथॉन 2026 के विजेताओं की घोषणा की गई। विजेता टीमों में सस्टैन एक्स एआई, इको-बाईट, गॉड्स प्लान, ग्रेटा थनबर्ग, रोबो स्पाइनीज, स्टैबल वर्ल्ड, लूमीनोवा, ईको-सिक्स शामिल रहीं। समापन समारोह में श्वेता पटनायक, अर्चित ओझा, सुधांशु मित्तल, सुहेल मीर, विष्णु द्विवेदी, डॉ. सौरभ गुप्ता और डॉ. एस. घोष सहित प्रतिभागी छात्र उपस्थित रहे।

### विजेता टीमों को इंटर्नशिप के मिलेंगे अवसर

*विजेता टीमों को यूनिसेफ के साथ इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे, जिससे उन्हें अपने समाधानों को आगे विकसित करने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का मंच मिलेगा। कार्यक्रम का समापन एनआईटी और यूनिसेफ के संयुक्त प्रयासों की सराहना के साथ हुआ, जो युवाओं को जलवायु और सतत विकास के लिए नवाचार करने के लिए प्रेरित करता है।*

सिटी लाइव

## आज से छत्तीसगढ़ सहित 22 राज्यों के बीच शुरू होगा शतरंज का महामुकाबला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में 'चीफ मिनिस्टर छत्तीसगढ़ ट्रॉफी 45वीं पुरुष एवं 23वीं राष्ट्रीय महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप' का भव्य शुभारंभ अग्रसेन धाम में आज 16 मार्च को दोपहर 2:30 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक किरण सिंह देव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आयोजन समिति की अध्यक्ष एवं विधायक भावना बोहरा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. विक्रम सिसोदिया एवं ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के उपाध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया उपस्थित रहेंगे। रायपुर के अग्रसेन धाम में 16 से 22 मार्च तक आयोजित इस राष्ट्रीय महत्व की प्रतियोगिता में देश के कई नामचीन ग्रैंड मास्टर, इंटरनेशनल मास्टर एवं 100 से अधिक फिडे टाइटल होल्डर के अलावा 23 राज्यों के 450 से अधिक खिलाड़ी एवं 10 विशेष संस्थागत इकाइयां भाग ले रही हैं।

### पुरुष वर्ग की चार टीमें खेलेंगी

शतरंज चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की पुरुष एवं महिला टीमों का चयन कर लिया गया है। टीम ए में रवि कुमार (रायपुर - कप्तान), श्रेयांस डाकलिया (राजनांदगांव), विनोद कुमार शर्मा (रायपुर), स्पर्श खंडेलवाल (राजनांदगांव) और यशद बांबेश्वर (दुर्ग) शामिल हैं। इसके अलावा टीम बी में आनंद अवधिया (रायपुर - कप्तान), गगन साहू (रायगढ़), श्रेणिक डाकलिया (राजनांदगांव), आलोक कनौजे (रायपुर) और प्रियांश साहू (रायपुर) हैं। टीम सी से रजनीकांत बख्शी (राजनांदगांव - कप्तान), प्रभमन सिंग मल्होत्रा (कोरबा), राहुल शर्मा (दुर्ग), यशद अनिल कन्होलकर (दुर्ग) और रमेश कुमार देवांगन (बस्तर) तथा टीम डी से रोहित यादव (रायपुर - कप्तान), अभिनव पांडे (बिलासपुर), अक्षत महोबिया (रायपुर), शुभांकर बामोलिया (रायपुर) और ईशान रॉय (रायपुर) हैं।

### चैम्पियनशिप में 9 चक्र खेले जाएंगे

*टूर्नामेंट डायरेक्टर एवं प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने बताया कि चैम्पियनशिप में टोटल 10 लाख रुपए की पुरस्कार राशि रखी गई है, जिसमें 5 लाख रुपए पुरुष वर्ग में एवं 5 लाख रुपए महिला वर्ग में प्रदान किए जाएंगे। पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 1 लाख पच्चीस हजार रुपए, द्वितीय 1 लाख रुपए, तृतीय 75 हजार रुपए, चतुर्थ 60 हजार रुपए, पांचवां 50 हजार रुपए, छठवां 30 हजार रुपए, सातवां 20 हजार रुपए, आठवां 20 हजार रुपए, नवां10 हजार रुपए, दसवां 10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि टीम को प्रदान की जाएगी। उक्त चैम्पियनशिप में कुल 9 चक्र खेले जाएंगे।*

### राजधानी के बीटीआई ग्राउंड और छेड़ीखेड़ी स्थित होटल में रंगारंग उत्सव में शामिल हुए सीएम विष्णु देव साय

# रॉक स्टार नील और मंजूश्री ने 'चंड्र जी रात' स्टेज पर मचाई धूम, लेजर शो से सजाया 'सिंधियत जो मेलो'

'रॉक स्टार नील और मंजूश्री सहित कई दिग्गज कलाकारों ने बीटीआई ग्राउंड पर सजाए गए आकर्षक स्टेज पर सिंधी गीत-संगीत की महफिल सजाई। चंड्र जी रात की श्रृंखला में स्टेज पर रंगारंग प्रस्तुति का लुत्फ उठाने के लिए हजारों की तादाद में लोग परिवार के साथ शिरकत करने पहुंचे। जहां एक तरफ गीत-संगीत का सिलसिला चल रहा था, वहीं दूसरी तरफ लोगों को पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए सिंधी व्यंजनों के स्टाल्स भी सजाए। इस आयोजन में सीएम विष्णु देव साय सहित समाज के संत-महंत भी मंचस्थ रहे। इसी तरह छेड़ीखेड़ी स्थित एक होटल में जारी सिंधियत जो मेलो में रविवार की रात लेजर शो आकर्षण का केन्द्र रहा।'

**रायपुर।** बीटीआई मैदान शंकर नगर में चंड्र जी रात में उल्लास का माहौल रहा। प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी एवं पवन प्रीतवानी ने बताया कि शानदार आयोजन के लिए सिंधी सेवा महापंचायत के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी के नेतृत्व से जुड़ी 17 वर्षों की यादों को साझा किया। महामंत्री राधाकिशन सुंदरानी, जितेन्द्र बडवानी, रवि ग्वालानी, सुदेश मंध्यान और युवा अध्यक्ष महेश आहूजा ने आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यवस्था की बागडोर संभाली। इसमें दिल्ली से आए वरिष्ठ पत्रकार किशोर अजवानी ने मंच से सिंधु संस्कृति, सिंधु इतिहास और आजादी के समय सिंधी समाज के योगदान से जुड़ी जानकारी को समाज से साझा किया।

वहीं, अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन विश्व सिंधी सेवा संगम के लायन राजू मनवानी ने सिंधी समाज के योगदान से मिली सफलता पर व्याख्यान देते हुए समाज की पहल को सराहा। वहीं, समाज के बीच पहुंचे सीएम विष्णु देव साय ने विकास में समाज की भागीदारी की सराहना करते हुए चेट्रीचंड्र की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए दर्शक दीर्घा में भी मौजूद रहे।

### लेजर शो देख मंत्रमुग्ध हुए लोग, अवसर को बनाया खास

भगवान झूलेलाल के जीवन पर केनद्रित जीवंत लेजर शो आकर्षण का केन्द्र रहा। कुछ पल के लिए स्टेज के सामने मौजूद दर्शकों को ऐसा लगा मानो स्वयं भगवान झूलेलाल स्टेज पर अपनी लीला दिखा रहे हैं। इस पल को समाज के लोगों ने अपने मोबाइल में भी कैद किया। प्रोग्राम की पहली कड़ी में स्वागत भाषण प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ने दिया। मंच संचालन तनेश आहूजा व सुभाष बजाज ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए महासचिव बलराम आहूजा ने भी आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को साधुवाद देते हुए इस परंपरा को आगामी वर्ष में जारी रखने का भरोसा दिलाते हुए रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन का समापन किया।





### सांस्कृतिक श्रृंखला की बेजोड़ प्रस्तुति पर झूमे लोग

मनोरंजन की दुनिया के बेताज बादशाह और रॉक स्टार नील तलरेजा मुंबई ने युवा वर्ग की मांग पर प्रस्तुतियां दीं। मंजूश्री आसुदानी ने भगवान झूलेलाल के अवतरण अवसर को संगीत के सुरों में पिरोकर प्रस्तुत किया। बेबी फ्रांसिस और बेबी कशिश राजकोट ने रायपुरवासियों का मनोरंजन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत संत युधिष्ठिर लाल के आशीर्वचन से हुआ। इसके बाद सिंधी गीत-संगीत और नृत्यों की कलाकारों ने ऐसी श्रृंखला सजाई कि दर्शक दीर्घा में लोग देर-रात तक झूमते नजर आए। इस लम्हें को लोगों ने जहां अपने मोबाइल में कैद किया, वहीं कलाकारों संग सेल्फी का सिलसिला भी चलता रहा। इनके बीच युवा उत्साह को सांस्कृतिक श्रृंखला की बेजोड़ प्रस्तुति से स्टार्स ने धमने नहीं दिया।





### भगवान झूलेलाल की आज घरों में स्थापना से शुरू होगा महोत्सव

सिंधु एकता संघ सिंधी समाज द्वारा मनाए जा रहे पांच दिवसीय झूलेलाल महोत्सव का आगाज 16 मार्च को घरों में भगवान झूलेलाल की मूर्ति की स्थापना के साथ होगा। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, आयोजन के संयोजक महेश मोटवानी और अध्यक्ष चंद्र कुमार माखीजा ने बताया कि संघ द्वारा संत लालदास की प्रेरणा से यह पहल की जा रही है। संत युधिष्ठिरलाल, माता साहेब मीरा देवी के आशीर्वाद से 14वें वर्ष भी गणेश उत्सव की तरह झूलेलाल उत्सव मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत सोमवार को प्रदेश के 12 हजार से अधिक परिवार के बीच आराध्य देव की मूर्ति स्थापना के साथ पूजा उत्सव की परंपरा निभाई जाएगी। पंजीयन स्थलों से लगभग 5 हजार मूर्तियां शहर में बांटी गईं। साथ ही, छत्तीसगढ में बारह हजार से अधिक मूर्तियों का वितरण किया गया है।



### सुबह से शाम तक स्थापना के लिए मिलेंगे मुहूर्त

इसके अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में भी विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा मूर्तियों का वितरण किया गया। सिंधु मंडल के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा के अनुसार मूर्ति स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 9.10 से 10.36 तक और शाम 4.23 से शाम 5.50 बजे तक है। लोगों को आराध्य देव की स्थापना से जोड़ने के लिए मूर्ति के साथ सिंधु एकता संघ द्वारा आरती की बुक प्रदान की जा रही है। इसमें भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापना अक्खे का मंत्र, भगवान की आरती और पल्लव किस तरह करना है, इस संदर्भ में भी बताया गया है। समाज के सभी परिवार 5 दिनों तक विधि-विधान से पूजा- अर्चना करेंगे। चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन यानी 21 मार्च को मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।



### हिक सोन जो रुपयो..,दमादम मस्त कलंदर...पर थिरके पांव



सिंधियत जो मेलो की श्रृंखला में दूसरे दिन यानी रविवार की रात भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच लेजर शो की धूम रही। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा चेट्रीचंड्र के अवसर पर वरुणावतार भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव को यादगार बनाया। प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने सिंधी समाज के प्रसिद्ध कलाकार सागर लालवानी और वंदना निरंकारी को आकर्षक मंच के माध्यम से कला प्रेमियों से जोड़ने का दायित्व निभाया। इसके बाद हजारों की तादाद में उत्साही युवाओं और समाज के लोगों की मौजूदगी में हिक सोन जो रूपयो...,दमादम मस्त कलंदर..., आयोलाल झूलेलाल... जैसे भजनों और गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं, सिंधी छेज और लोक नृत्यों से लोगों को उत्साह से झूमने को मजबूर किया। जिये मुंहीजी सिंध..., सिंधी अबाणी बोली जैसे सिंधी लोकगीतों पर धूम मचाई।

### साइंस कॉलेज के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर रहे डॉ. शरद इंगले की पत्नी नीला इंगले ने स्काई डाइविंग में बनाया अनोखा रिकॉर्ड

कार्नर न्यूज

# स्काई डाइविंग का सपना पूरा करने 78 की उम्र में 3048 मीटर की ऊंचाई से लगाई छलांग, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम हुआ दर्ज

**रायपुर।** 75 उम्र के बाद जहां व्यक्ति का शरीर चंद दूरी चलने पर थकने लगता है तो वहीं साइंस कॉलेज के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर रहे डॉ. शरद इंगले की पत्नी नीला इंगले ने 78 साल की उम्र में स्काई डाइविंग में अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। नीला ने लंदन में 10,000 फीट (3,048 मीटर) की ऊंचाई से छलांग लगाकर सबसे अधिक उम्र में स्काई डाइविंग करने वाली पहली भारतीय महिला बन चुका है। अब उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स दर्ज हो चुका है। हरिभूमि ने बातचीत में नीला ने अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि मैंने स्काई डाइविंग 2024 में की थी। उस दौरान मेरी उम्र 78 की थी। अब मैं 80 साल की हो चुकी हूं। मेरा सपना था कि एक दिन स्काई डाइविंग करूंगी। 2023 से इसके लिए लगातार प्रयास कर रही थी। एक बार ऐसा हुआ कि न्यूजीलैंड में उम्र अधिक होने से मना कर दिया। फिर लंदन से करने का मन बनाया, लेकिन मौसम खराब की वजह से हो नहीं पाया। इसके बाद 2024 में फिर लंदन गई और अपना सपना पूरा किया। उन्होंने बताया कि स्काई डाइविंग करने के लिए फिटनेस से अधिक इच्छा शक्ति महत्वपूर्ण होती है।



### स्काई डाइविंग के लिए बनाया दो देशों का टूर

नीला इंगले ने बताया कि 2017 में स्काई डाइविंग का वीडियो देखकर सोचा था कि जिंदगी में एक बार ज़रूर करना चाहिए। तब मेरी उम्र थी 71 वर्ष। दोनों बेटियों को पूछा, क्या मैं कर सकती हूं? मेरी दिल से इच्छा है। वो दोनों भी एडवेंचर प्रिय हैं तो उन्होंने मना नहीं किया। जो वीडियो मैंने देखा था, वह न्यूजीलैंड का था। मुझे और किसी जगह की कोई जानकारी नहीं थी, जहां यह सुविधा हो। स्काई डाइविंग के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का टूर बुक कर लिया। पर वहां टूर गाइड ने मुझे करने ही नहीं दिया। शायद मेरी उम्र देखकर वह कोई रिश्क नहीं लेना चाहता था। 2023 में मैं जब अपनी बेटी से मिलने लंदन आई तो पता चला यहां भी स्काई डाइविंग की सुविधा है। मेरी बेटी ने कहा, तुम्हारे साथ हम सब भी करेंगे। और, हमने पांच लोगों की बुकिंग भी कर दी।



### छलांग लगाने के बाद भगवान तक याद नहीं आए

स्काई डाइविंग को लेकर किसी ने कहा कि 78 की उम्र में यह सब करने की क्या ज़रूरत है? किसी ने मेरे ढाढ़स को सराहा तो किसी ने प्रोत्साहित किया। मेरे परिवार के दामाद और नाती, बेटी सभी सदस्य मेरे साथ थे। उन्होंने बताया कि एक फ्लाइट में छह लोग होते हैं। जब ऊंचाई पर पहुंचकर हवाई जहाज का दरवाज़ा खुला और दिल की धड़कन तेज़ हुई। कुछ बोलने का मन भी नहीं कर रहा था। ऊपर आसमान, नीचे हरे भरे मैदान, खूबसूरत घर था। अब सोचने पर लगता है पूरी मेडिटेशन की अवस्था थी। सिर्फ अपने होने का एहसास। मां, पिताजी, बच्चे, भगवान तक याद नहीं आए कुछ क्षणों के लिए। पैराशूट खुला और एक ज़ोरदार झटके के साथ ऊपर उठकर फिर नीचे आना शुरू हुआ। अब मैं पूरी तरह से सजग थी। जोर-जोर से चिल्लाने, चीखने का मन कर रहा था। मेरा सपना सच हो रहा था और मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। नीचे मैदान मैं मेरे परिवार के सदस्य मेरा इंतज़ार कर रहे थे। अगली बार 15000 फीट का लक्ष्य है।

धर्म लाइव

# पार्श्व तीर्थ नगपुरा में गुरु मंदिर का भूमिपूजन पूजन



**रायपुर।** श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में तीर्थ के तीर्थोद्धारक-जीर्णोद्धारक गच्छाधिपति गुरुदेव प्रतिष्ठाचार्य विजय राजयश सूरीश्वर की गुरु मंदिर का भूमिपूजन हुआ। आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय वीतरागयश सूरीश्वर एवं शासन सेविका, प्रवर्तिनी पूज्य साध्वी शवाचंयमा की मंगल वासक्षेप एवं आशीर्वाद के साथ साध्वी लक्ष्ययशा, साध्वी लब्धियशा, साध्वी आज्ञायशा की निश्रा में गुरुभक्त श्राविका उगमदेवी मांगीलाल पगारिया परिवार, श्राविका सजनदेवी उगमचंद बागमार परिवार रायपुर ने विधिपूर्वक भूमिपूजन का विधान किए। मंदिर निर्माण लाभार्थी परिवार की ओर से डॉ. शुभ्रा पगारिया, दुर्गादेवी-गजराज पगारिया, उषादेवी-सुरेशकुमार बागमार ने भव्य स्नात्र उत्सव, शांति पाठ मंत्रोच्चार के साथ प्रथम कुदाली से खनन का विधान प्रारम्भ किए। कार्यक्रम में मैनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुगड़, ट्रस्टी मूलचंद जैन, पन्नालाल गोलछा, पुखराज मुणोत, गुरुभक्त धर्मेश के. शाह, वंदना-महेन्द्र दुगड़, सतीष नाहर, ज्ञानचंद बैद, सुरेश जी बोहरा, सौरभ गोलछा, राजेन्द्र झवेरी, किरीट शाह, चिराग डांगी आदि तीर्थभक्त उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पूज्यपाद आचार्य भगवंत राजयश सूरी का लगभग सात माह पूर्व अहमदाबाद में पर्युषण पर्व पूर्व कालधर्म हुआ था, गुरुदेव के अग्निसंस्कार के पूर्व ही श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ के ट्रस्टीगणों ने गुरुदेव की स्मृति को अक्षुण रखने एवं तीर्थ के प्रति उपकारों की कृतज्ञता प्रगट करते हुए अद्वितीय कलात्मक गुरुमंदिर निर्माण कराने का निर्णय लिया था, इस गुरू मंदिर का 19 अप्रैल बैशाख सुदी द्वितीया को देशभर के गुरुभक्तों की उपस्थिति में महोत्सवपूर्वक शिलान्यास का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

सिटी लाइव

# कक्षा आठवीं से चित्रकला का जुनून 76 की उम्र में भी कायम, कैनवास पर भर रहे रंग





**रायपुर।** कहते हैं एक फनकार के लिए उनका कला ही उनकी जिंदगी होती है। ऐसा ही कुछ देखने को मिला महंत घासीदास संग्रहालय परिसर के आर्ट गैलरी में। आर्ट गैलरी में 14 से 15 मार्च तक आयोजित दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी में शहर के एक 76 वर्षीय चित्रकार विजय वरठे ने अपनी उम्र भर की चित्रकला प्रतिभा को संजोकर प्रदर्शित किया। विजय वरठे ने बताया कि उनकी चित्रकला यात्रा की शुरुआत छात्र जीवन में कक्षा 8वीं से हुई। चित्रकला को लेकर जुनून ने मुझे एक चित्रकार बना दिया। आज उम्र के इस पड़ाव पर कांपते हाथ और कमजोर नजरों के बावजूद भी उसी जुनून के साथ कैनवास पर लकीरें खींचने और दुनिया की तस्वीरों को रंगों से जीवंत करने का लगन कायम है। एक कलाकार अपनी कला के लिए अंतिम सांस तक जीता है। मैंने अपनी इस चित्र प्रदर्शनी में अपने बचपन से लेकर आज तक की कृतियों को संजोकर प्रदर्शित किया है। इस प्रदर्शनी को चित्रकला प्रेमियों का बड़ा प्यार और सराहना मिल रहा है, जो मेरे लिए गौरव की बात है।

### संस्कृति और धरोहरों की खींची जीवंत तस्वीरें

चित्रकार ने अपनी कल्पनाओं के रंगों से कैनवास पर छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित किया है। उन्होंने बस्तर के दो आदिवासी युवतियां जो आपस में सहेलियां हैं, उनकी पारंपरिक परिधान और आभूषणों से श्रृंगार किए रूपों को कैनवास पर जीवंत किया है। वहीं, एक तस्वीर में रायपुर शहर के विवेकानंद सरोवर का सुंदर चित्र खींचा गया है। इसी तरह से करीब 100 से अधिक चित्रकला की प्रदर्शनी में प्रकृति, युवा अवस्था, संस्कृति और शहर की धरोहरों की तस्वीरें प्रदर्शित किया गया है। शहर के युवा चित्रकारों के लिए यह प्रदर्शनी न केवल कैनवास और रंगों की दुनिया को समझने का केंद्र बना, बल्कि एक वरिष्ठ चित्रकार द्वारा चित्रकारी के प्रति लगाव व जज्बे ने चित्रकारी की दुनिया में अपना नाम बनाने वाले कलाकारों को भी प्रेरित किया।

समाज इवेंट

# काबिलियत का लोहा मनवाने वाली नारी शक्ति का हुआ सम्मान



**रायपुर।** रविवार को सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण समारोह 2026 का आयोजन नव सृजन मंच के द्वारा किया गया। इसमें राज्य भर के अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नारी शक्तियों को छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण से नवाजा गया। सम्मान समारोह के संयोजक पद्मा शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर नव सृजन मंच ने प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में समाज को गौरवान्वित करने वाली महिलाओं को उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित कर उनके हौसलों को सलाम किया है। साथ ही इस सम्मान समारोह का उद्देश्य नारी शक्ति को समाज में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना भी है। आज महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, तकनीकी, व्यापार, विज्ञान, सामाजिक क्षेत्रों में अपने हुनर और योग्यता का परचम लहरा रही हैं। ऐसे में देश व राज्य के विकास में उनके योगदान को उत्सव के रूप मनाना और उन्हें उत्साहित करने मंच पर सम्मानित करना समाज का भी कर्तव्य है।

### 100 से अधिक महिलाओं का हुआ सम्मान

अलंकरण समारोह के सह संयोजक मनीषा सिंह, डॉ. रश्मि चवरे ने बताया कि संस्था द्वारा कला, शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार, खेल, सेना, समाज सुधार जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी काबिलियत और अदम्य साहस से अपनी पहचान बनाने वाली 100 से अधिक नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया।

शहर में विविध सामाजिक संगठनों द्वारा किया जा रहा आदर्श सामूहिक विवाह, परिचय सम्मेलन का आयोजन

# सर्व समाज के 8 जोड़े रीति-रिवाज से बंधे विवाह बंधन में, परिजनों ने दिया सुखमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद

भामाशाह छात्रावास टिकरापारा में आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। यह आयोजन संत माता कर्मा जयंती के अवसर पर किया गया। इस सर्व समाज आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन संत माता कर्मा शक्तिपीठ रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया।

**रायपुर।** आदर्श सामूहिक विवाह में प्रदेश भर से पहुंचे सर्व समाज के 8 जोड़ों का पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया। यह विवाह कार्यक्रम रविवार सुबह 11 बजे भामाशाह छात्रावास टिकरापारा प्रांगण में मां कर्मा की पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ, जो शाम 5 बजे तक नव दंपतियों के आशीर्वाद कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। संत माता कर्मा शक्तिपीठ रायपुर छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष चितरेखा साहू ने बताया कि भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें 8 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इन नव दंपतियों को संत माता कर्मा शक्तिपीठ रायपुर व प्रदेश साहू संघ की ओर से विवाह के उपहार सहित सुखमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया गया। इस आदर्श सामूहिक विवाह में सभी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर दूल्हा-दुल्हन पक्ष से उनके परिजन व रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### विवाह के ये बने साक्षी

कार्यक्रम में अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अति विशिष्ट तिथि के रूप में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, विधायक मोतीलाल साहू व प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ साहू के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, पूर्व विधायक व आरडीए के अध्यक्ष नंदे साहू, अनूप साहू, बीनू साहू ने उपस्थित होकर नव दंपतियों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

### कर्मा धाम में हुई महाआरती

शहर जिला साहू संघ द्वारा कर्मा माता की 1010वीं जयंती के शुभ अवसर पर कर्मा धाम में हवन-पूजन व पं. अभिषेक महाराज के मुख से भक्त और भगवान कथा श्रवण किया गया। उसके पश्चात महाआरती कर श्रद्धालुओं ने सुख, समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पार्षद मोहन साहू, उपाध्यक्ष ऋषि साहू, सभापति सुन्दर लाल साहू, महामंत्री कमल नारायण, संगठन सचिव प्रेम लता साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका तृष्णा साहू, शहर जिला संघ के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





### ब्राह्मण समाज परिचय सम्मेलन में 250 युवक-युवतियों ने कराया पंजीयन



वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में रविवार को सुबह 11 बजे से श्रीदूधाधारी सत्संग भवन मठपारा में युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इसमें 250 से ज्यादा छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया, जिसे स्मारिका मिलन-2026 में प्रकाशित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरन्दर मिश्रा ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए परिजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से उनका उद्देश्य पूर्ण हो और वे योग्य वर-वधु का चयन कर सकेंगे। विशेष अतिथि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन के संयोजक नितिन कुमार झा, कार्यक्रम का संचालन पत्रिका के संपादक रज्जन अवस्थी, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा कार्यक्रम में शामिल हुए।

### बौद्ध समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का हुआ परिचय सम्मेलन



देवेंद्र नगर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में बौद्ध समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय स्तरीय परिचय सम्मेलन में देश भर से बौद्ध समाज के 80 युवतियों व 95 युवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे रहे। श्री कावरे ने परिचय पत्रिका का विमोचन भी किया। परिचय सम्मेलन में समाज के शिक्षित, नौकरी पेशा, व्यापार से जुड़े युवक-युवतियों ने अपने लिए योग्य जीवन साथी की खोज की। कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय सचिव अल्का बोरकर, संजय शेंद्रे, सारंग भूमने, बेनीराम गायकवाड़, एआर उके, विजय गजराते, प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े एवं जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके उपस्थित रहे। वहीं, उद्योग विभाग के अपर संचालक संजय गजघाते ने रिश्ते के लिए व्यापार करने वालों को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन करूणा वासनिक, मनुषा माटे ने किया।

# सनातन में कृष्ण लीला, सुदामा चरित्र-शुकदेव पूजा कथा सार

**रायपुर।** श्रीराम कथा समिति द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन व्यासपीठ से संत चिन्मय दास महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण लीला, सुदामा चरित्र और शुकदेव पूजन की कथा ही जीवन का सार है। महाराज ने आगे कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में भगवान श्रीकृष्ण की लीला, सुदामा चरित्र और शुकदेव पूजन का मानव जीवन के भक्ति, प्रेम, त्याग और ज्ञान का नाता हैं। इन कथाओं में केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्य और आदर्श छिपे हैं। जब वृंदावन में श्रीकृष्ण और बलराम के साथ गोप-गोपियों का जीवन आनंदमय चल रहा था, तब ब्रह्मा की दृष्टि मानो उस सुख पर पड़ गई। परिस्थितियां ऐसी बनीं कि कृष्ण और बलराम को मथुरा जाना पड़ा। यह समाचार गोपियों को मिली तो वे व्याकुल हो उठीं। अपने प्रिय कन्हैया से बिछड़ने का दुख उनके लिए असहनीय था। गोपियों ने मार्ग में रथ रोक लिया और कृष्ण को जाने से रोकने का प्रयास किया। वह समय प्रेम और विरह का अद्भुत दृश्य था।



### छाती पर बैठकर वध करते हुए अधर्म का अंत किया



मथुरा पहुंचने ही श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का सामना किया। कंस ने वर्षों तक बहन देवकी और वसुदेव को कष्ट दिए थे। जब कृष्ण ने कंस को देखा तो उसके बाल पकड़कर सिंहासन से नीचे गिरा दिया। भयभीत कंस ने प्राणों की भीख मांगी और कहा कि मुझे छोड़ दो। तब श्रीकृष्ण ने उसे याद दिलाया कि किस प्रकार उसने उनकी माता देवकी को बाल पकड़कर अपमानित किया था। इसके बाद कृष्ण ने कंस की छाती पर बैठकर उसका वध करते हुए अधर्म का अंत किया। श्रीमद्भागवत कथा में समिति के प्रमुख प्रकाश अग्रवाल, विष्णु गोयल, आनंद अग्रवाल, रूपा मेहडिया, गोपाल, दमोदर अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित भारी तादाद में श्रोता भी शामिल हुए। इनकी उपस्थिति में महाराज ने अंतिम कड़ी में शुकदेव पूजन को प्रसंग से जोड़ते हुए ज्ञान और वैराग्य का संदेश दिया।

# नर्सों की सेवा को किया नमन नारी शक्ति ने मुखर होकर की चर्चा

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के महिला दिवस समारोह में नर्सों की सेवा को नमन करते हुए उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। वहीं तात्कालिक भाषण में महिलाएं अपने-अपने विषय पर प्रखर वक्ता की तरह धाराप्रवाह बोलतीं नजर आईं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा आनंद जोशी ने कहा कि नारी अबला नहीं है। नारी अनपढ़ ही क्यों न हो, वह अपनी इच्छाशक्ति से सबकुछ कर सकती है। नारी की शक्ति ही परिवार को जोड़ती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ एक दिन है, नारियों का सम्मान तो हर दिन होना चाहिए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार गोविंद ठाकरे ने कहा कि नारी देह के आगे दिव्य है। जब हम नारी को देह से आगे देखते हैं तो उनमें हमें मां, बहन, बेटी दिखाई देती है। नारी के आगे कोई कुछ भी नहीं। श्री ठाकरे ने कहा कि वे काफी अरसे से महाराष्ट्र मंडल आते रहे हैं। यहां संगठन और कार्यक्रमों में महिलाओं को जो महत्व दिया जाता है, सम्मान किया जाता है, वह प्रेरक व प्रशंसनीय है।



### 120 कर्मचारियों में भी 80 फीसदी महिलाएं ही

अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि दो चोटी बनाकर घर से निकलने वाली महिलाएं आज सफलता की चोटी पर है। सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपना लोहा मनवा लिया है। हमारे यहां विभिन्न प्रकल्पों के 150 से अधिक पदाधिकारियों में 80 फीसदी महिलाएं हैं। इसी तरह यहां कार्य करने वाले 120 कर्मचारियों में भी 80 फीसदी महिलाएं ही हैं। कार्यक्रम में पिछले समारोह के आयोजक केंद्रों की संयोजिकाओं व सह संयाजिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया। हमारे गौरवशाली इतिहास की महानतम महिलाओं में छत्रपति शिवाजी महाराज की माता जीजा बाई के वेश में पल्लवी मुकादम, सिंधुताई सपकाल के वेश में संध्या खंगन, महिलाओं में शिक्षा की ज्योत जलाने वाली ज्योतिबा फुले की भूमिका में विराज भालेराव, महारानी अहिल्या बाई के रोल में सौदामिनी बर्वे नजर आईं।

### ढोल की थाप पर जमकर किया डांस

कार्यक्रम के अंतिम चरण में महिलाओं ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। चौबे कॉलोनी, रोहिणीपुरम, डंगनिया और सुंदर नगर केंद्र की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल और महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम का संचालन संगीता निमोणकर और चित्रा जावलेकर ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच तात्कालिक भाषण स्पर्धा में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें महिलाओं ने स्वावलंबन, डिजिटल क्रांति, सकारात्मक सोच, महिला उद्यमी जैसे कई विषयों पर अपने विचार रखे।

19 से हिंदू संवत्सरी 2083 चैत्र नवरात्रि की शुरुआत, गुरु और मंगल होंगे सर्वाधिक प्रभावकारी

# इस बार नवरात्रि में माता का पालकी में होगा आगमन और हाथी पर होंगी सवार

कार्नर न्यूज




**रायपुर।** हिंदू नववर्ष 2083 की शुरुआत हिंदू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष अनुसार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होगी। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए इसे हिंदू नववर्ष का पहला दिन माना जाता है। इसी दिन से पूरे साल का फल और उसके प्रभाव का आंकलन भी किया जाता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च 2026 से होने जा रही है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6:52 बजे से प्रारंभ होगी। इसी दिन सुबह 6:52 से 7:43 बजे तक घरों और मंदिरों में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से 12.53 तक भी श्रद्धालु घट स्थापना कर सकते हैं। इस दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र और गुरुवार का संयोग रहेगा।



### नए साल की शुरुआत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में होगी

ज्योतिषाचार्यो ने बताया की विक्रम संवत 2083 को रौद्र नाम दिया है। ऐसे हर नए साल का एक अलग नाम होता है। जिससे उस वर्ष के स्वभाव और संभावित घटनाओं का अंदाजा लगाया जाता है। इस बार नए साल की शुरुआत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में होगी और उस समय शुक्ल योग के साथ मीन लग्न रहेगा। इन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति को ज्योतिष में काफी अहम माना जाता है, क्योंकि इन्हीं के आधार पर साल भर के प्रभाव का आकलन किया जाता है। रौद्र शब्द का मतलब उग्र या तेज स्वभाव से जुड़ा होता है। इसी कारण यह माना जा रहा है कि पूरे साल के दौरान प्रकृति, समाज और राजनीति से जुड़े मामलों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं।

### कृतिका नक्षत्र में पूजा-अर्चना शुभ



ज्योतिषाचार्य के अनुसार नवरात्रि के दौरान पंचमी तिथि 22 मार्च की शाम से प्रारंभ होकर 23 मार्च को पूरे दिन रहेगी। इस दिन माता रानी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। पंचमी के दिन कृतिका नक्षत्र और सोमवार का योग रहेगा, जिसे पूजा-अर्चना के लिए शुभ माना गया है। वहीं अष्टमी तिथि 25 मार्च को दोपहर 1 बजकर 50 मिनट से प्रारंभ होकर अगले दिन 26 मार्च की सुबह 11.48 बजे समाप्त होगी। इस अवसर पर भक्तगण हवन-पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन करते हैं। मान्यता के अनुसार छोटी कन्याओं को देवी के स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। अष्टमी के दिन आर्द्रा नक्षत्र का प्रभाव रहेगा। हिंदू विक्रम संवत 2083 साल 2026 की शुरुआत 19 से होगी। इस दिन गुरुवार पड़ रहा है, इसलिए इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। ज्योतिषों के नियमानुसार जिस वार से साल शुरू होता है, उसी वार का स्वामी ग्रह पूरे वर्ष का राजा माना जाता है। वहीं इस साल के मंत्री मंगल ग्रह होंगे। इसलिए इस संवत का नाम 'रौद्र' रखा गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप में शानदार मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत चौथे राउंड के चौथे दिन शानदार मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार पर बिलासपुर को तीन अंक और बीएसपी को एक अंक मिला। बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम पहली पारी में 380 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी पहली पारी 324 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 280 रन बनाए। आरडीसीए रायपुर में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) विरुद्ध सरगुजा के मैच में बीसीए ने 5 विकेट से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में सरगुजा पहली पारी 341 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीसीए 280 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में सरगुजा दूसरी पारी 211 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में बीसीए ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 276 रन बनाए।

### बीएसपी प्रीमियर क्रिकेट में श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी, दर्शकों में उत्साह



**भिलाई।** भिलाई मजदूर संघ एवं बीएसपी प्रीमियर लीग कमेटी की ओर से बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में मैच जारी है। रविवार को पहला मैच भिलाई वॉरियर्स ने रॉयल स्ट्राइकर के विरुद्ध चार विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच इशांत रहे। दूसरा मैच आयरन पैंथर्स ने ओजी 11 के विरुद्ध 31 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच भीमराज मीणा रहे। तीसरे मैच में छत्तीसगढ़ टाइगर्स ने बीएसपी टाइटंस के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच धीरज रहे। चौथे मैच में रॉयल्स स्ट्राइकर ने स्नाइपर के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पांचवें मैच में जीके लाइंस ने स्नाइपर के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अंकित सिंह रहे। छठवें मैच में बीएसपी सुपर चैलेंजर के विरुद्ध बरली बॉयज ने तीन विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच दीपक खिचरिया रहे। सातवें मैच में जीके लाइंस ने ओजी 11 के विरुद्ध 5 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच दिलीप रहे। आठवें मैच में सीजी 11 ने सीजी टाइगर के विरुद्ध 20 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच लीलेश्वर रहे। नौवें मैच में संडे 11 ने भिलाई टाइटंस के विरुद्ध 5 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच निखिल रहे। इन मैचो के दौरान बीएसपी प्रीमियर लीग कमेटी के शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, वशिष्ठ शर्मा, हिमाचल बेरा, आईपी मिश्रा, हरिशंकर चतुर्वेदी, गौरव, अविनाश लेगी एवं उषाकर चौधरी सहित खेल प्रेमी जनता उपस्थित थी। आज के मैच के अंपायर महेश नुगेश्वर डेहरिया, विवेक सिंघम, भानु मुकेश, वीरेंद्र अर्जुन, स्कोरर विनोद देवघरे, महेश कुलदीप मीणा, वेंकटेश, कॉमेंटेटर, अरविंद सिंह, अभय मोहरील शाका, अभय, शिव एवं पिच क्यूरेटर आजाद अहमद एवं जीवन सिंह थे।

### बी.एस.पी. टीम हिस्सा लेगी अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन में



**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 मार्च तक बोकारो में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के अलावा बोकारो इस्पात संयंत्र, राउरकेला इस्पात संयंत्र, सेलम स्टील प्लांट, भद्रावती स्टील प्लांट, बर्नपुर स्टील प्लांट आदि की टीमें भी भाग ले रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम में धीरज गायकवाड,रवि नायक, राजू खलको, डॉ. सैफ अली और ई सुरेन शामिल हैं। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के खेल विभाग के प्रमुख और अर्जुन आवार्डी ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद उप महाप्रबंधक और अभिजीत भोमिक उप प्रबंधक खेल विभाग और बी. एस. पी. बैडमिंटन क्लब के सचिव प्रवीण उपाध्याय आदि ने टीम को शुभकामनाएं दी है।

## प्यूरीन की संतुलित मात्रा रखती है शरीर को सेहतमंद

# आपके भोजन में नहीं होनी चाहिए प्यूरीन की अधिकता, किडनी स्टोन का हो सकता है खतरा

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। हालांकि यदि आपके शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है। कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि अगर आपका खान-पान ठीक है तो ये गंभीर बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। आप जिन चीजों का सेवन करते हैं, सेहत पर उसका सीधा असर होता है, यही कारण है कि सभी लोगों को पौष्टिक और स्वस्थ चीजें खाने की सलाह दी जाती है।आहार विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ रहने के लिए क्या खाना चाहिए, इससे जरूरी ये जानना है कि आपको क्या नहीं खाना चाहिए? गठिया और किडनी से संबंधित बढ़ती समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को उन चीजों से दूरी बनाए रखने की सलाह देते हैं जिनमें प्यूरीन की अधिकता होती है। प्यूरीन क्या है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं, आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।



### क्या होता है प्यूरीन?

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। जब हमारे शरीर में प्यूरीन का ब्रेक डाउन होता है तो इससे यूरिक एसिड बनता है, जिसे शरीर आमतौर पर मूत्र में बाहर निकाला देता है।



हालांकि यदि आप हाई प्यूरीन वाली चीजों का सेवन अधिक करने लगें और शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है।

### प्यूरीन की अधिकता और इसके नुकसान

जब हमारे शरीर में प्यूरीन की अधिकता हो जाती है और किडनी इसे ठीक तरीके से बाहर नहीं निकाल पाती, तो यह शरीर में जमा होने लगता है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्यूरीन की अधिकता यूरिक एसिड को बढ़ाने लगती है और यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में क्रिस्टल बनने लगते हैं, जिससे सूजन, दर्द और अकड़न हो सकती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे, टखनों और घुटनों को प्रभावित करता है।इसके अलावा यूरिक एसिड के क्रिस्टल किडनी में जमा होकर पथरी बना सकते हैं। अधिक प्यूरीन युक्त चीजों के सेवन से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा हो सकता है, जिससे मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज का जोखिम बढ़ जाता है।

### खान-पान में करें बदलाव

कुछ खाद्य पदार्थों में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है, जिनका ज्यादा सेवन करने से यूरिक एसिड बढ़ सकता है। हाई प्यूरीन फूड्स जैसे मांस और मछली का सीमित मात्रा में ही सेवन करना चाहिए। राजमा, चना, सोयाबीन, मसूर, मटर जैसी दालों के भी अधिक सेवन से बचना चाहिए।कुछ प्रकार की सब्जियां जैसे पालक, मशरूम, ब्रोकली, फूलगोभी का अधिक सेवन भी नुकसानदायक हो सकता है। शराब, कॉफी भी प्यूरीन और यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### किन चीजों का सेवन करना चाहिए?

अच्छी सेहत के लिए लो प्यूरीन फूड्स का सेवन करना अच्छा विकल्प है। फल (सेब, केला, संतरा, पपीता), सब्जियां (खीरा, टमाटर, गाजर, लौकी), डेयरी उत्पाद, अंडे और नट्स में प्यूरीन की मात्रा बहुत कम होती है और इनके सेवन से आपको कई लाभ हो सकते हैं। हाई प्यूरीन फूड्स का सेवन कम करने के साथ खूब पानी पीना भी जरूरी है ताकि यूरिक एसिड बाहर निकल सके। हरी सब्जियां और फाइबर युक्त आहार आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। अगर आपको गठिया, किडनी स्टोन या यूरिक एसिड की समस्या है, तो डॉक्टर से परामर्श लेकर प्यूरीन युक्त भोजन का सेवन नियंत्रित करें।



# घर में जरूर लगाएं औषधीय गुणों से भरपूर ये पौधे, वातावरण रहेगा शुद्ध

हमारी प्रकृति रहस्यों से भरी है। आज तक मनुष्य ने जो कुछ भी हासिल किया है वो प्रकृति से सीख लेकर ही किया है। दुनिया में कई प्रकार के पौधे पाए जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते है उनमे से कुछ ऐसे पौधे हैं, जिनको घरों में लगाने से घर में न सिर्फ सुख शांति बल्कि आप की सेहत भी स्वस्थ रहती है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे पौधों के बारे में, जिन्हें घर में जरूर लगाना चाहिए.....

### एलोवेरा

एलोवेरा एक प्राकृतिक औषधि से भरपूर पौधा है जो शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। हमारी त्वचा, बालों से लेकर पाचन तंत्र और इम्यून सिस्टम तक, एलोवेरा शरीर की कई परेशानियों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। इसी के साथ एलोवेरा हवा को शुद्ध करने की क्षमता भी प्रदान करता है। यह पौधा रात के दौरान ऑक्सीजन छोड़ने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके का काम करता है।

### नीम

घर में नीम का पेड़ लगाने से कई तरह के फायदे होते हैं। इसके पत्तों और छाल का सेवन त्वचा और पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में होता है। बता दें कि नीम एक एवरग्रीन पेड़ है जो पर्यावरण को शुद्ध करने में मदद करता है। यह पेड़ दिन और रात दोनों समय ऑक्सीजन देता है।

### पुदीना

पुदीना त्वचा के साथ पाचन के लिए भी लाभकारी होता



है, साथ ही यह घर में ठंडक और ताजगी भी बनाए रखता है। यह पौधा बारहमासी होने के साथ उगाने और रख-रखाव में भी बहुत आसान होता है। पुदीना हमारे दांतों की देखभाल में भी बहुत फायदेमंद होता यह दांतों की कैविटी दूर कर सांसों की दुर्गंध को भी दूर करता है।

### तुलसी

तुलसी का पौधा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा कर सर्दी-खांसी और अन्य बीमारियों से राहत दिलाता है, और पाचन में भी सुधार करता है। तुलसी का पौधा एक प्राकृतिक ऑक्सीजन स्त्रोत है जो लगभग 24 घंटे ऑक्सीजन देता है और हवा को शुद्ध करता है।

### गिलोय

गिलोय एक अद्भुत जड़ी-बूटी है, जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। यह बुखार, डायबिटीज, और पाचन संबंधी समस्याएं, और यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में भी मदद करता है। गिलोय का पौधा घर में लगाना बहुत आसान होता है।



# आलू के चिप्स बनाने की इंस्टेंट विधि, कर सकते हैं इसका सेवन

यदि आप आलू के चिप्स बनाना चाह रहे हैं तो यहां हम आपको इसकी आसान रेसिपी बताने जा रहे हैं।

इस चिप्स को तैयार करने में न तो आपको ज्यादा समय लगेगा और न ही आपके ज्यादा पैसे खर्च होंगे। तो चलिए आपको बताते हैं इंस्टेंट फलाहारी चिप्स बनाने का तरीका।

### इंस्टेंट आलू के फलाहारी चिप्स बनाने का सामान

2 बड़े आलू,सेंधा नमक,काली मिर्च पाउडर,देसी घी या मूंगफली का तेल (तलने के लिए) रखें। आलू के टिप्स को बनाना काफी आसान है। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले आलू की स्लाइस तैयार करनी चाहिए। इसके लिए सबसे पहले आलुओं को अच्छे से धोकर छील लें। आलुओं को धोकर स्लाइसर की मदद से पतली-पतली चिप्स काट लें।

अब इन कटे हुए आलू को ठंडे पानी में थोड़ी देर के लिए भिगोकर रखें। जब स्टार्च निकल जाए तो फिर इसे छलनी में डालकर पानी निकाल दें। इसे एक से दो बार अच्छी तरह से धो लें और कपड़े से सुखा लें। जब ये पूरी तरह से सूख जाएं तो एक कढ़ाही में मूंगफली का तेल या देसी घी गर्म करें। जब तेल मध्यम गर्म हो जाए, तो उसमें आलू की स्लाइस डालें। धीमी आंच पर हल्का सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें।




# रेलवे ऑपरेटिंग टीम ने जीत दर्ज कर डीआरएम कप ट्रॉफी अपने नाम की

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल खेल संघ, रायपुर द्वारा आयोजित क्रिकेट के महासंग्राम 23वें डी.आर.एम. कप 2026 का समापन सेकरसा मैदान में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक दयानंद रहे। कार्यक्रम में मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री भंडारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं वरिष्ठ मंडल क्रीड़ा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

फाइनल मुकाबला ऑपरेटिंग एवं वैगन रिपेयरिंग शॉप (डब्ल्यू.आर.एस.) के बीच खेला गया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में ऑपरेटिंग टीम ने ट्रैक मशीन ऑपरेशन को तथा डब्ल्यू.आर.एस. ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल मैच का शुभारंभ शानदार आतिशबाजी एवं ढोल-नगाड़ों के बीच हुआ।

टॉस जीतकर डब्ल्यू.आर.एस. ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 9 विकेट पर 81 रन बनाए। डब्ल्यू.आर.एस. की ओर से रूद्र मूर्ति ने 29 रन तथा के. साई कुमार ने 21 रन का योगदान दिया। ऑपरेटिंग की ओर से ओमप्रकाश सिंह ने 15 रन देकर 3 विकेट तथा श्रीनू ने 2 विकेट हासिल किए।

82 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑपरेटिंग टीम की शुरुआत को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि टीम आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लेगी, किंतु डब्ल्यू.आर.एस. के खिलाड़ियों की संघर्षपूर्ण खेल भावना ने मैच का रुख बदल दिया। जीत की दहलीज पर महत्वपूर्ण विकेट गिरने से मुकाबला टाई हो गया। अंतिम ओवर में अम्बिकेश गिरि की सधी हुई गेंदबाजी के सामने ऑपरेटिंग टीम जीत के लिए आवश्यक 10 रन नहीं बना सकी।

निर्णय के लिए हुए सुपर ओवर में ऑपरेटिंग की ओर से टिकेंद्र और हेमंत ने एक छक्का और एक चौके की मदद से 11 रन बनाए। जवाब में डब्ल्यू.आर.एस. की ओर से साई और राजा बल्लेबाजी करने उतरे, किंतु वे लक्ष्य तक नहीं पहुँच सके और इस प्रकार ऑपरेटिंग टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

टूर्नामेंट में तीसरा स्थान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ओमप्रकाश सिंह को मैन ऑफ द मैच के साथ-साथ बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। आरपीएफ के एन. के. महाना को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा अधिकतम छक्के लगाने के लिए पुरस्कृत किया गया। ट्रैक मशीन के ओम प्रकाश को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा उदित नारायण को बेस्ट इमरजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब ट्रैक मशीन के डोमेश साहू को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।

इस वर्ष मंडल में कार्यरत महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु महिला दिवस के अवसर पर प्रथम महिला डी.आर.एम. कप 2026 का भी आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में मेकैनिकल टीम ने इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। कुमारी पंकज सांगवान को उनके उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए विमेन ऑफ द फाइनल तथा विमेन ऑफ द सीरीज चुना गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में सभी अतिथियों का प्लांट भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राहुल गर्ग ने आयोजन से संबंधित जानकारी दी।




रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS
A PLACE THAT
SHREEJI INN HOTEL
Restaurant-Banquet Hall
WE ORGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
Mango बिना आवाज कूलर 7 स्पीड BLDC
आकाश जैन - 98261-84650, रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
डक्टिंग कूलर, हॉल, वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

GST रजिस्ट्रेशन नंबर बनवाएं मात्र 500/- में
2 साल पुरानी ITR फाईल बनवाएं मात्र 2000/- में
CMA DATA | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | FOOD लाइसेंस | UDYAM-MSME | TDS रिफंड | Whatsapp पर बनवाएं
C-74 Sector 1, Devendra Nagar, Near Jubesta Hospital Beside Adarsh School, Pandri, Raipur
संपर्क : शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'माइकल' का ट्रेलर देख दर्शकों को याद आए जैक्सन, भतीजा करेगा डांसर का रोल



दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है।

2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'

फिल्म 'जैक्सन' की शुरुआत नवंबर 2019 में हुई। फरवरी 2022 में इसकी घोषणा हुई। इसकी शूटिंग 2024 में शुरू हुई। नवंबर 2025 में इसका टीजर रिलीज हुआ। यह फिल्म 24 अप्रैल 2026 को यूनाइटेड स्टेट्स में रिलीज होने वाली है।

डांसर माइकल जैक्सन की जिंदगी पर आधारित फिल्म 'माइकल' में माइकल जैक्सन का रोल उनके भतीजे जाफर जैक्सन ने किया है। वह इस फिल्म से एक्टिंग में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में निया लॉन्ग, लौरा हैरियर, जूलियानो क्रू वाल्दी, माइल्स टेलर और कोलमैन डोमिंगो भी हैं। फिल्म के निर्देशक

### टॉलीवुड

## अमिताभ और कमल संग 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल की शूटिंग हुई शुरू

'कल्कि 2898 एडी' के पार्ट 2 की शूटिंग शुरू हो गई है। अमिताभ बच्चन और कमल हासन सेट पर हैं और उन्होंने अपने हिस्से के सीन्स शूट करने शुरू कर दिए हैं। फिल्म का सेट तेलंगाना के शंकरपल्ली में लगा हुआ है।



'कल्कि 2898 एडी' साल 2024 में आई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। तभी से फैंस इसके सीक्वल यानी दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे थे। अब फाइनली नाग अश्विन की इस फिल्म के सीक्वल की शूटिंग शुरू हो चुकी है। खबर है कि अमिताभ बच्चन और कमल हासन ने'कल्कि 2898 एडी' के दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू कर दी है और वो अभी सेट पर हैं। सीक्वल से दीपिका पादुकोण बाहर हो गई थीं, और उनकी जगह फिल्म में साई पल्लवी की एंट्री की खबरें हैं।

'कल्कि 2898 एडी' एक साइंस-फिक्शन फिल्म थी, जिसमें अमिताभ और कमल हासन के अलावा दीपिका पादुकोण और प्रभास लीड रोल में थे। इसे काफी पसंद किया गया था और 'पिंकविला' की रिपोर्ट के मुताबिक, अब दूसरे पार्ट की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। शूटिंग कमल हासन और अमिताभ बच्चन के साथ हुई। पहले यही दोनों दिग्गज स्टार्स अपने हिस्से के सीन्स शूट कर रहे हैं। फिल्म का सेट अभी तेलंगाना के शंकरपल्ली में लगा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल में अभी जो सीन्स शूट किए जा रहे हैं, उनमें प्रभास नहीं हैं, तो इसलिए एक्टर बाद में शूट शुरू करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। 'कल्कि 2898 एडी' की शुरुआत महाभारत के कुरुक्षेत्र युद्ध के अंत से होती है, जो 3102 ईसा पूर्व में कलियुग के प्रारंभ का प्रतीक है। युद्ध के बाद, भगवान कृष्ण ने अश्वत्थामा को भगवान विष्णु के अंतिम अवतार की रक्षा का दायित्व सौंपा था। छह हजार साल बाद, 2898 ईस्वी में, जब दुनिया एक क्रूर और भयावह समाज में परिवर्तित हो गई, जिस पर सुप्रीम यस्किन का शासन है, वह खुद को देवता मानता है।

### भोजपुरी

## '3 स्टार बहुरिया' का ट्रेलर जारी सास हवलदार और बहू एसआई



भोजपुरी सिनेमा की नई फिल्म '3 स्टार बहुरिया' दमदार सास और बहू की जोड़ी पर है। इसका धमाकेदार ट्रेलर भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ट्रेलर में पारिवारिक भावनाओं के साथ-साथ सामाजिक संघर्ष भी है। कहानी में एक बड़ा मोड़ आता है, जहां भ्रष्ट व्यवस्था और ईमानदारी के बीच तीखा संघर्ष शुरू होता है।

भोजपुरी सिने जगत के मशहूर निर्माता रत्नाकर कुमार एक बार फिर एक अलग और सामाजिक संदेश से भरपूर फिल्म लेकर आए हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म '3 स्टार बहुरिया' का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। फिल्म में रिश्तों की संवेदनशीलता, समाज की भ्रष्ट व्यवस्था और नारी सशक्तिकरण को एक साथ पिरोकर पेश किया गया है, जिससे इसे एक मजबूत सामाजिक और मनोरंजक फिल्म के रूप में देखा जा रहा है। वर्ल्ड वाइड रिकाड्र्स प्रस्तुत इस फिल्म का ट्रेलर वर्ल्ड वाइड रिकाड्र्स भोजपुरी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, जहां इसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। लगभग 3 मिनट 51 सेकंड के ट्रेलर में कहानी का दमदार अंदाज और किरदारों की प्रभावशाली झलक देखने को मिलती है। ट्रेलर पारिवारिक भावनाओं के साथ-साथ सामाजिक संघर्ष को भी दिखाता है। फिल्म में लीड रोल में नजर आ रहीं अभिनेत्री माही श्रीवास्तव एक दरोगा के किरदार में दिखाई दे रही हैं, जबकि उनकी सास एक कांस्टेबल की भूमिका में हैं। कहानी के अनुसार उनकी शादी एक डॉक्टर से होती है, जो उसी कांस्टेबल का बेटा होता है।

### ड्रीम फैंटेसी

लाइफ स्टाइल




हाउते कॉउचर स्प्रिंग/समर 2026 मूल रूप से ₹काइनेटिक कॉउचर₹ के एक नए दौर को दिखाता है, जो एक्सट्रीम टेक्सचर, स्ट्रक्चरल फॉर्म और पॉलिश्ड, एथलेटिक एलिमेंट्स के साथ ड्रीम फैंटेसी के मिक्स पर फोकस करता है। खास ट्रेंड्स में शीयर फैब्रिक पर मोती, ड्रामैटिक स्कल्पचरल हैट, और वाइब्रेंट पर्पल, मॉस ग्रीन, और क्लाउड डांसर जैसे सॉफ्ट न्यूट्रल कलर्स शामिल हैं।

## नहाने के बाद चेहरे पर लगा लें ये होम मेड क्रीम

चेहरे पर पिंपल्स, दाग धब्बे होने की वजह से अधिकतर लड़कियां परेशान रहती हैं। अगर आपके चेहरे पर भी यही परेशानी देखने को मिल रही है, तो आप एक्सपर्ट के बताएं इस होममेड फेस क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इसके लिए आलू का रस, चावल का आटा,मलाई, एलोवेरा जेल और शहद इकट्ठा करने के बाद एक साफ बर्तन के अंदर चावल का आटा लेना है। इस आटे में आप आलू का रस, एलोवेरा जेल, मलाई और शहद इन सभी चीजों को बराबर मात्रा में मिलाकर अच्छी तरह पेस्ट तैयार कर लें। आप चाहें, तो इस पेस्ट में कुछ बूंद गुलाब जल की भी मिल सकती है। इस पेस्ट को अच्छी तरह फैट लें जब यह गधा हो जाए तब इसे 5 मिनट के लिए ढक कर रख दें। 5 मिनट के बाद आप इस क्रीम को एक डिब्बी में भरकर रख सकती हैं और रोजाना नहाने के बाद इसे अपने चेहरे पर लगा सकती हैं।



### होममेड क्रीम का इस्तेमाल

चेहरे के साथ-साथ आप इस क्रीम को अपनी गर्दन पर भी लगा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे आपको इस क्रीम का इस्तेमाल दिन भर में केवल एक से दो बार ही करना है। होममेड क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले आप पैच टेस्ट जरूर करें। क्योंकि हर लड़की की स्किन का प्रकार अलग-अलग हो सकता है। ऐसे में कुछ लड़कियों के चेहरे पर संसेटिव स्किन होने की वजह से एलर्जी हो सकती है।

## इफ्तार की पार्टी में पेस्टल रंग के आउटफिट पहनकर बिखेरें जलवा



इस साल ट्रेंड में हैं पेस्टल शेड्स, जो न केवल स्टाइलिश लगते हैं बल्कि गरिमामयी और शालीन भी दिखते हैं। अगर आप भी इफ्तार पार्टी में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो ये ट्रेंडी पेस्टल कलर आपके लिए परफेक्ट रहेंगे। रमजान का पाक महीना चल रहा है। ऐसे में जगह-जगह इफ्तार पार्टियों का आयोजन हो रहा है। रमजान के दौरान इफ्तार पार्टी में सबसे खास होता है सादगी और एलीगेंस का कॉम्बिनेशन। इस साल ट्रेंड में हैं पेस्टल शेड्स, जो न केवल स्टाइलिश लगते हैं बल्कि गरिमामयी और शालीन भी दिखते हैं। तो अगर आप भी इफ्तार पार्टी में स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, तो ये ट्रेंडी पेस्टल कलर आपके लिए परफेक्ट रहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे पेस्टल रंगों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इफ्तार पार्टी के लिए परफेक्ट हैं।





### पेस्टल पिंक

यदि आप सॉफ्ट और एलिगेंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो लड़कियां पेस्टल पिंक अनारकली या शरारा सेट पहन सकती हैं। वहीं लड़के पिंक कुर्ता-पायजामा या पिंक जैकेट के साथ व्हाइट कुर्ता ट्राई कर सकते हैं। लड़कियां अपने लुक को मिनिमल ज्वेलरी और सिल्वर मोजरी इस लुक को कंप्लीट करेंगी।

### बेज और पीच

यदि आप रॉयल और ट्रेंडी लुक कैरी करना चाहती हैं तो हल्के बेज या पीच कलर के सूट, शरारा या गरारा बहुत क्लासी लगते हैं। लड़के बेज कुर्ता और नेहरू जैकेट के साथ परफेक्ट लुक पा सकते हैं। इसके साथ मैचिंग या कंट्रास्टिंग स्टोल कैरी करें।

### मिंट ग्रीन

यदि फ्रेश और सोबर लुक कैरी करना है तो मिंट ग्रीन का चिकनकारी कुर्ता या शिफॉन साड़ी इफ्तार पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन है। पुरुष मिंट ग्रीन कुर्ता पायजामा या इंडो-वेस्टर्न जैकेट ट्राई कर सकते हैं। इसके साथ महिलाएं गोल्डन या पर्ल एक्सेसरीज कैरी करें।

## मोतियों की लड़ी और फूलों की बेल से सजाएं अपनी चोटी, देखें डिजाइंस



'काली तेरी चोटी है परांदा तेरा लाल नी', ये वाला गाना आपने सुना ही होगा। पहले के समय में बालों की सजावट के लिए फूलों के बाद परांदा ही एक विकल्प होता था। मगर अब वक्त बदल चुका है। बालों की खूबसूरती के लिए और उन्हें आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की हेयर एक्सेसरीज का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन जब बात पारंपरिक और ट्रेंडी हेयरस्टाइल की हो, तो चोटी को अलग-अलग तरीकों से सजाने का चलन आजकल देखा जा रहा है।

### मोतियों की लड़ी से सजी चोटी

मोतियों का आकर्षण कभी भी कम नहीं होता। सफेद, गोल और चमकदार मोतियों से सजी चोटी किसी भी हेयरस्टाइल को ग्रेसफुल बना देती है। मोतियों की एक्सेसरीज कई तरह से इस्तेमाल की जा सकती हैं

### सिंपल मोती लड़ी चोटी

यह उन महिलाओं के लिए परफेक्ट ऑप्शन है, जो अपनी चोटी को एलिगेंट और ग्रेसफुल बनाना चाहती हैं। इसमें चोटी के साथ एक पतली मोतियों की लड़ी को लपेटकर सजाया जाता है।

### हैवी पर्ल वेव चोटी

इस स्टाइल में बालों को फ्रेंच ब्रेड या फिशटेल स्टाइल में गूंथकर बीच-बीच में मोतियों की लड़ी को सेट किया जाता है, जिससे एक वेवी और रॉयल लुक मिलता है।

### ब्राइडल पर्ल चोटी

शादी के लिए मोतियों से सजी चोटी एक बेहतरीन विकल्प होती है। इसमें चोटी के साथ गोल्डन या सिल्वर पर्ल बीड्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो हेवी ज्वेलरी और ट्रेडिशनल अटायर के साथ परफेक्ट लुक देती है।

## स्पेशल डे पर अपने पार्टनर को गिफ्ट करें पायल,

जब भी हम किसी स्पेशल डे का इंतजार करते हैं, तो अपने पार्टनर से गिफ्ट मिलने के लिए हमेशा एक्साइटेड रहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कुछ अच्छा मिलने वाला होता है। ऐसे में अगर आपका पार्टनर भी आपके उम्मीद लगाए बैठा है, तो उन्हें खुश करने के लिए पैरों में पहनने वाली पायल को गिफ्ट करें। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे पहनने के बाद आपके पार्टनर के पैर अच्छे नजर आएंगे। इस बार मोर डिजाइन पायल के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई करें। इससे आपकी पार्टनर खुश हो जाएगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की पायल डिजाइन को आप गिफ्ट कर सकते हैं।



### सिंपल मोर पायल डिजाइन

अगर आपकी पार्टनर वर्किंग है, तो ऐसे में आप इन्हें रोजाना पहनने के लिए फोटो में नजर आने वाली पायल को गिफ्ट कर सकते हैं। इस तरह की पायल में पूरा डिजाइन प्लेन होगा। बस आपको मोर का डिजाइन एक ही तरह मिलेगा। इससे ये पायल और भी अच्छी लगेगी। साथ ही, सिंपल डिजाइन में होगी तो इसे पहनने के बाद आपके पैर और भी ज्यादा अच्छे लगेंगे। इसे आप ऑफिस में भी रोजाना पहनकर जा पाएंगी। इसलिए आपको अपने पार्टनर को इस तरह की पायल डिजाइन को गिफ्ट करें। इस तरह की पायल चांदी में खरीदें तो ये डिजाइन और अच्छे से नजर आएगा।

### मोर पायल डिजाइन

अगर आपको चाहिए कि आपकी पूरी पायल में मोर का डिजाइन हो तो इसके लिए आप इस फोटो में नजर आने वाली पायल वाले डिजाइन को खरीदकर पैरों में पहन सकती हैं। इस तरह की पायल में आपको छोटे-छोटे मोर के डिजाइन मिलेंगे। इसमें आपको कलर भी मिलेगा। इसके साथ ही, नीचे की लटकन भी आपको कलरफुल डिजाइन में मिलेगी। इससे आपके पैर अच्छे लगेंगे।

### कार्नर न्यूज

स्टाइल का नया नाम जिसे कैरी करना है आसान

## जिम जाना सिर्फ सेहत का मामला नहीं फैशन में स्टाइल कर सकते हैं एथलेजर

एथलेजर वियर स्टाइल का वो नया नाम है, जो लुक को नए तरह से डिफाइन कर रहा है। इस स्टाइल में वो कपड़े शामिल होते हैं जो दो लुक का कॉम्बो होते हैं। एथलेजर वियर जिम में पहने जाने वाले वो कपड़े होते हैं, जो साथ में कैजुएल वाला लुक भी देते हैं। मतलब इन कपड़ों को आप जिम के साथ कैजुएल मौकों पर भी पहन सकते हैं। इन कपड़ों को बॉलीवुड स्टार्स ने तो दिल से स्वीकार कर लिया है लेकिन बाकी लोग अभी भी इसे पूरी तरह से अपना नहीं पाए हैं।

इस स्टाइल को अपनाने के लिए आपको कुछ बातें ध्यान रखनी होंगी, तब आपके लिए इसे स्टाइल में शामिल करना आसान होगा। इंटरनेट पर इससे जुड़ी सर्च कुछ इस तरह हैं-

### स्टाइल भी आराम भी

ऐसा नहीं कि जिम वियर आरामदायक नहीं होते हैं। वो आरामदायक होते हैं लेकिन उन्हें आप कैजुअल वियर के तौर पर नहीं पहन सकते। एथलेजर वियर के साथ फायदा यह है कि इसे पहनकर आप कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं। इन कपड़ों में स्टाइल मिलेगा वो अलग। ये कपड़े आपको दो मौकों के लिए तैयार कर देते हैं, वो भी आराम और स्टाइल के साथ।

### लेयरिंग का मिले साथ

स्टाइलिंग पर ध्यान देने वाले लोगों के लेयरिंग बहुत काम आती है। इस लुक पर कॉटन या लेनिन की जैकेट अच्छी लगेगी। जैकेट के साथ प्रिंटेड शर्ट पहनिए। गर्मी में लेयरिंग आजमाने के लिए आपको फैब्रिक का सिलेक्शन बहुत सोच-समझकर करना होगा।



### तीन जरूरी प्वाइंट

एथलेजर वियर पहनने से पहले उससे जुड़े तीन प्वाइंट्स पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यही तीन इसकी खासियतें भी होती हैं। ये तीन प्वाइंट निम्नलिखित हैं- मटेरियल फिट फंक्शनैलिटी

### कपड़ा आराम वाला

एथलेजर वियर की खासियत इसका कपड़ा होता है, जो आरामदायक होने के साथ स्किन के लिए भी अच्छा होता है। इनमें अक्सर पॉलिएस्टर, नायलॉन, रेयॉन और स्पैंडेक्स जैसे फैब्रिक इस्तेमाल होते हैं। इस फैब्रिक की खासियत इनका रिंकल फ्री, मॉइश्चर को सोखने वाला और फ्लेक्सिबल होना होता है।

### फिटिंग होगी कमाल

एथलेजर वियर पहनने के बाद फिटिंग की चिंता बिल्कुल न करें क्योंकि ये दूसरे जिम वियर के मुकाबले ज्यादा फिटिंग वाले होते हैं। कैजुएल वियरिंग के समय भी इनका लुक अच्छा आता है।

### सबसे अच्छी फंक्शनैलिटी

इन कपड़ों की खासियत फंक्शनैलिटी भी होती है। फंक्शनैलिटी से मतलब कपड़ों में मिलने वाली उस सुविधा से है, जिसके साथ आप इन कपड़ों को कहीं ज्यादा उपयोगी महसूस करते हैं।

जैसे एथलेजर वियर में बटन नहीं मिलेंगे बल्कि जिपर्स होंगे। इसके साथ इसमें इतनी पॉकेट मिलेंगी कि आप कहीं भी जाने से पहले इन्हें ही चुनेंगे।

### रिलेक्स्ड ऑकेजन के लिए बेस्ट

जिम में तो एथलेजर वियर पहने ही जाते हैं। इसके अलावा किन कैजुएल मौकों पर आप इन्हें पहन सकते हैं तो जवाब है सभी रिलेक्स्ड ऑकेजन पर। वो मौके जब आप बिल्कुल रिलेक्स महसूस कर रहे हों। जैसे दोस्तों के साथ शाम की पार्टी, यूं हीं किया जाने वाला फैमिली डिनर या साथ बैठकर मैच देखने का मौका। इन मौकों पर ये कपड़े बहुत अच्छे लगेंगे। ऑफिस मीटिंग जैसे फॉर्मल मौकों को छोड़कर ज्यादातर बार आप इन्हें पहन सकते हैं।

### कौन-कौन से कपड़े एथलेजर वियर

सवाल यह भी उठता है कि एथलेजर वियर में किस तरह के कपड़ों को जोड़ा जा सकता है, जिनको पहनकर आपको एथलेजर लुक मिल जाएगा? तो इसकी लिस्ट भी तैयार है- बॉम्बर जैकेट क्रू नेक स्वेटर पोलो टी शर्ट कैजुअल ट्राउजर एथलेजर लुक पाने के लिए मिक्स एंड मैच का नुस्खा खूब काम आता है। इसके बेस्ट लुक के लिए आपको अपनी वॉर्डरोब और एथलेटिक सामान को मिलाना होगा।

